


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 38 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 21 नवंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### भुइयाबाबा की पूजा कर रहे लोगों को नशे में ट्रक ने कुचला, शराब के नशे में था चालक, 8 की मौत और दर्जनों घायल

**पटना ( एजेंसी )** । रविवार की रात को नशे में धुत ट्रक चालक ने पीपल पेड़ के नीचे भुइयाबाबा की पूजा कर रहे 30 से ज्यादा लोगों कुचल दिया। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही 8 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए है। हादसा बिहार के पाटना में सुल्तानपुर गांव के पास का है। बताया जा रहा है कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और सभी को कुचलते हुए पेड़ से टकराया। हादसे के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा रविवार रात 9 बजे के आसपास की है। बताया जा रहा है कि यहां हर साल नेवतन पूजा होती है और सैकड़ों लोग इस पूजा में जुटते हैं। रविवार रात को भी पूजा के लिए पेड़ के पास सैकड़ों लोग जुटे हुए थे। ट्रक चालक नशे मे था और एक ओर कुचलते हुए पेड़ से टकराया। पेड़ नहीं होता तो मरने वालों की संख्या और अधिक हो सकती थी। हादसे में मरने वाले सभी की उम्र 20 साल से कम है। हादसे के बाद ज्यादातर बच्चे ट्रक और पेड़ के बीच में फंसे थे। गैस कटर से ट्रक को काटकर मृतकों को निकाला गया।

इस दर्दनाक हादसे मे वर्षा कुमारी (8), सुरुचि (12), अनुष्का (8), शिवानी (8) , खुशी (10), चन्दन(20), कोमल (10) और सतीश (17) की मौत हो गई। वहीं करीब 20 लोग घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी घटना पर दुख जताया। साथ ही मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए व घायलों को 50 हजार रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है। वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजन को 5-5 लाख रुपए देने का निर्देश दिया है।

### भाजपा प्रत्याशी की बढ़ी मुश्किलें, छत्तीसगढ़ पुलिस का कांस्टेबल संस्पेंड

# झारखंड रेपकांड में आरोपी है आरक्षक केशवराम सिन्हा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** भानुप्रतापपुर उपचुनाव में ट्विस्ट आ गया है। एक दिन पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ झारखंड में रेप केस का बम फोड़ा था। इस मामले में सोमवार को रायपुर पुलिस के आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर दिया है। बताया जा रहा है जिस गैंगरेप के मामले में भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम को आरोपी बताया जा रहा है उसमें आरक्षक का नाम भी आया था। मामला जब गर्म हुआ तो रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने आरक्षक को निलंबित कर दिया है।

भाजपा विधायक ब्रह्मानंद नेताम पर सामूहिक दुष्कर्म और नाबालिग को देह व्यापार में धकेलने के आरोपों पर छत्तीसगढ़ में राजनीति तेज हो गई है। मामला सामने आने के बाद रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने आरक्षक केशवराम सिन्हा को निलंबित कर दिया। यह सिपाही रायपुर के न्यू राजेंद्र नगर थाने में पदस्थ था। एएसपी द्वारा जारी निलंबन आदेश में भी गैंगरेप का जिक्र है। इसमें लिखा गया है कि झारखंड के पूर्वी सिंहभूमि के टेल्को थाने में दर्ज नाबालिग से दुष्कर्म और अनैतिक देह व्यापार के मामले की एफआईआर में आरक्षक की संलिप्तता की जानकारी सामने आई है। नाबालिग पीड़िता के साथ घटित अपराध की अत्यंत गंभीर धाराओं के आरोपी आरक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन आदेश के बाद आरक्षक को पुलिस लाइन अटैच कर दिया है।



### 2019 का है यह पूरा मामला

कांग्रेस के आरोपों के मुताबिक 15 मई 2019 को झारखंड के जमशेदपुर में एक एफआईआर दर्ज हुई। इसमें एक 15 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म और जबरन देह व्यापार में धकेलने का अपराध दर्ज था। मामले में पांच लोग नामजद आरोपी बनाए गए थे। पुलिस ने विवेचना शुरू की तो छत्तीसगढ़ के दो लोगों को गिरफ्तार किया। उसके बाद जो चालान पेश हुआ उसमें चारामा निवासी पूर्व विधायक ब्रह्मानंद नेताम का नाम भी शामिल है। मामले में पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और जांच अब भी जारी है।

### चरामा से है कनेक्शन

बता दें भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम कांकेर जिले के चरामा के रहने वाले हैं। निलंबित सिपाही केशवराम सिन्हा भी कांकेर के चारामा का ही रहने वाला है। बताया जा रहा है कि पीसीसी अध्यक्ष ने झारखंड के जिस रेपकांड का जिक्र किया है उसकी चार्जशीट में ब्रह्मानंद नेताम के साथ ही उस अपराध की चार्जशीट में इस सिपाही का भी नाम है। चार्जशीट के मुताबिक इस रेपकांड में आरक्षक भी नाबालिग के साथ दुष्कर्म का अपराध में सहायक रहा है। सिपाही के निलंबन के साथ ही प्रशांत अग्रवाल ने रायपुर की महिला सेल को भी इस केस में सक्रिय कर दिया है। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों की जांच के लिए बनी विशेष यूनिट को भी इस केस की जांच के लिए लगा दिया है।

### कांग्रेस ने की उम्मीदवारी निरस्त करने की मांग

रेप मामले का खुलासा करने के बाद अब कांग्रेस ने भाजपा प्रत्याशी के उम्मीदवारी को निरस्त करने की मांग की है। सोमवार सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के साथ कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। भाजपा प्रत्याशी की उम्मीदवारी निरस्त करने की मांग की है। साथ ही ब्रह्मानंद की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भी पुलिस को भी ज्ञापन दिया है।






## कार्तिक के अंतिम सोमवार का स्नान करने के दौरान डूबा शख्स, तलाश में जुटे गोताखोर



श्रीकंचनपथ न्यूज

कोंटा। कार्तिक सोमवार को स्नान करने नदी में गया शख्स डूब गया। सोमवार सुबह की इस घटना के बाद आसपास के लोगों ने उसकी तलाश शुरू कर दी है। घटना की सूचना के मौके पर पुलिस भी पहुंची। शख्स का नाम तरुपति राव बताया जा रहा है और वह भारतीय स्टेट बैंक में कैशियर के पद पर कार्यरत है‌ञ पुलिस ने स्थानीय लोगों की सहायता से खोजबीन कर रही है। अब तक तिरुपति राव का पता नहीं चल पाया है।

कार्तिक मास के आखिरी सोमवार को शबरी नदी में नहाने गए तिरुपति राव को नदी की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाया और वो पानी में डूब गए। दूर खड़े दो युवकों ने इस घटना को देख लोगों को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों ने नदी में नाव के सहारे कैशियर की खोज कर रहे हैं। शबरी नदी में हर साल कोई न कोई ऐसी घटना सामने आती है। खासकर बाहरी व्यक्ति जिन्हें शबरी नदी की गहराई की जानकारी नहीं होती।

जांच में बात पता चली है कि तिरुपति कार्तिक माह में हर सोमवार को शबरी नदी में सुबह नहाने आते थे। आखिरी कार्तिक सोमवार सुबह भी नहाने के दौरान वे नदी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए और गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस सर्चिंग कर रही है।

## खड़ी पैसेंजर ट्रेन में लगी आग, फायर कर्मियों ने एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**उज्जैन ( एजेंसी )।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर खड़ी पैसेंजर ट्रेन की बोगी में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। हादसा उज्जैन रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 8 पर इंदौर-रतलाम पैसेंजर ट्रेन में हुआ। रविवार आधी रात करीब 11.45 ट्रेन की बोगी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। मौके पर मौजूद रेलवे कर्मियों ने फायर इक्वीपमेंट से आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन हुआ नहीं। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मियों ने लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही की ट्रेन में कोई पैसेंजर नहीं था।

मिली जानकारी के अनुसार इंदौर-रतलाम-बीना पैसेंजर ट्रेन नागदा स्टेशन से उज्जैन शाम 7.40 पर प्लेटफार्म नंबर 5 पर आई थी। आखिरी स्टापेज होने के कारण ट्रेन यहां खाली हो गई। इसके बाद इसे पांच से हटाकर प्लेटफार्म नंबर 8 पर खड़ा किया गया। दूसरे दिन सुबह 8 बजे यह पैसेंजर ट्रेन इंदौर के लिए रवाना होनी थी लेकिन इससे पहले रात 12 बजे इसमें आग लग गई। जीआरपी के अनुसार आग का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है। फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया लेकिन एक बोगी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई।

## भानुप्रतापपुर में कांग्रेस की गुगली

श्रीकंचनपथ




कहते हैं इश्क में सब जायज है. रास्ते से प्रतिद्वंद्वियों को हटाने के लिए आशिक सौ झूठ बोल सकता है. मुखौटे पर मुखौटा बदल सकता है. यही बात चुनाव के मैदान पर भी लागू होती है. इसका एकमात्र उद्देश्य चुनाव जीतना होता है. चुनाव के दौरान प्रतिस्पर्धी किसी जादूगर की तरह अपनी टोपी से कभी खरगोश तो कभी कबूतर निकालता है. चुनाव है तो संभव है. 2018 के विधानसभा चुनाव में अपना सबकुछ लुटा बैठी भाजपा इसके बाद हुए लगभग सभी उपचुनाव हार कर बैठी है. भानुप्रतापपुर के लोकप्रिय विधायक मनोज मंडावी के निधन से खाली हुई इस सीट पर स्वाभाविक रूप से कांग्रेस ने उनकी पत्नी सावित्री मंडावी को उपचुनाव में उतारा था. कांग्रेस को उम्मीद थी कि फकत एक साल के लिए विधायक बनने के लिए सहानुभूति लहर ही काफी होगी. पर भाजपा ने इस सीट को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लिया. भाजपा ने इस सीट पर पूरी ताकत झोंक दी. भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मनंद नेताम की नामांकन रैली में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, भानुप्रतापपुर विधानसभा प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रम उसेंडी, कांकेर सांसद मोहन मंडावी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिलाध्यक्ष सतीश लाठिया, वरिष्ठ नेता नंदकुमार साय समेत अन्य नेता भी शामिल हुए. नामांकन प्रपत्र दाखिल करते समय ये सभी उपस्थित थे. भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल भी बना और लोगों को यह लगने लगा कि भाजपा की किस्मत इस बार पलटने वाली है. कांग्रेस के शिविर में खामोशी थी. प्रत्याशी घोषित करने के बाद से पार्टी ने चुप्पी ओढ़ रखी थी. पर यह तूफान से पहले की खामोशी थी. नामांकन वापसी की आखिरी तारीख निकलने के बाद कांग्रेस ने गुगली फेंकी. कांग्रेस ने खुलासा किया कि भाजपा ने जिसे प्रत्याशी बनाया है वो एक किशोरी से गैंग रेप कर उसे देह व्यापार में धकेलने के मामले में नामजद आरोपी है. उसका नाम पीड़िता की डायरी से उजागर हुआ है. उसके खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत अलग-अलग धाराओं में एफआईआर दर्ज है. पुलिस सीडीआर में भी उसका नाम है. जमशेदपुर में घटित इस मामले में कुछ आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है. शेष आरोपियों की तलाश जारी है. कांग्रेस ने चुनाव आयोग के समक्ष आपत्ति दर्ज करा दी है. भाजपा प्रत्याशी पर नामांकन के दौरान की गई घोषणा में इस तथ्य को छिपाने का आरोप है. अब देखना यह है कि भाजपा का अगला कदम क्या होगा. अब तक तो वह अपने प्रत्याशी का बचाव ही कर रही है. क्या भाजपा भानुप्रतापपुर की संभावित जीत का मोह त्याग कर कानून के साथ खड़ी होगी? इस छोटी जीत की कुर्बानी देकर पार्टी की राष्ट्रीय छवि का बचाव करेगी? या फिर चुनाव जीतने की जिद में पार्टी की छवि को दागदार होने देगी? हालांकि दोष सिद्ध होने तक किसी को अपराधी नहीं माना जाना चाहिए, पर जब तक व्यक्ति निर्दोष साबित नहीं हो जाता तब तक उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व से तो दूर रखा ही जाना चाहिए.

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने किया 22 नवंबर को बंद का ऐलान




श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने रविवार देर रात जमकर तांडव मचाया। नक्सलियों ने कांकेर के पंखाजूर इलाके में एक मोबाइल टॉवर पर आग लगा दी। घटना पीवी- 45 की बताई जा रही है, जहां 15 से 20 की संख्या में पहुंचे नक्सलियों ने जिओ टॉवर में आग लगा दी। इसके बाद नक्सलियों ने घटना स्थल पर पर्चे फेंककर 22 नवंबर को बंद का ऐलान करते हुए पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आगजनी की घटना की पुष्टि कांकेर एसपी शलभ सिन्हा ने की है। नक्सलियों के बंद को देखते हुए पुलिस विभाग को अलर्ट मोड पर रखा है। वहीं सुरक्षाबल के जवानों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

माओवादियों ने 22 नवंबर को उत्तर बस्तर के कांकेर, नारायणपुर, कोंडागांव बंद बुलाया है। नक्सलियों ने पुलिस पर नक्सल लीडर दर्शन पड्डा को झूठे मुठभेड़ में मारने का आरोप लगाया है। 31 अक्टूबर की रात अन्तागढ़ ब्लॉक के कडमे में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने का दावा पुलिस ने किया था, जिसे नक्सलियों ने झूठा बताया है। माओवादियों ने पर्चे में इसे फर्जी मुठभेड़ बताकर धोखे से नक्सल लीडर दर्शन पड्डा और जागेश को मारने का आरोप लगाया है। साथ ही दोनों की मौत का बदला लेने की बात भी लिखी है।

## संपादकीय

# विज्ञान में हलचल

विज्ञान की दुनिया में हलचल फिर तेज है और यह पूरी दुनिया के लिए खुशी की बात है। आधी सदी बाद अमेरिका चंद्रमा पर कदम रखने को लालायित है। बुधवार को फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से आर्टेमिस प्रोग्राम का पहला रॉकेट लॉन्च हो गया। ओरियन कैप्सूल चंद्रमा की परिक्रमा के बाद लौट आएगा। यह कैप्सूल अभी मानव रहित है, लेकिन भविष्य में इसमें चार इंसान एक साथ चांद पर जाएंगे। ओरियन रोचक तस्वीरें भेजने लगा है। शायद चांद के कुछ ऐसे पहलू सामने आएंगे, जो अब तक अछूते हैं। एक समय था, जब रूस और अमेरिका के बीच होड़ की वजह से अंतरिक्ष अभियानों को बल मिला था, लेकिन अब जब रूस युद्ध में लगा हुआ है, तब अमेरिका को चीन टक्कर दे रहा है। विज्ञान में आगे बढ़ने के लिए होड़ जरूरी होती है। अमेरिका जब छह बार मानव मिशन में कामयाब हुआ, तब रूस एक तरह से पीछे हट गया था और चांद के प्रति अमेरिकी अभियान भी थम गया था। अब शुरू हुई नई होड़ स्वागतयोग्य है, किसी भी वैज्ञानिक होड़ का कुल मिलाकर अच्छा असर होता है। विज्ञान में युद्ध कौशल की नहीं, किसी देश की शुद्ध सकारात्मक योग्यता की परख होती है।

> “ विज्ञान-20 शिखर सम्मेलन की बैठक 21 से 22 जुलाई, 2023 तक कोयम्बटूर में होगी। दुनिया को विज्ञान की मदद से बेहतर बनाने की जरूरत से आज भला कौन इनकार करेगा। पर्यावरण बचाव से लेकर सामाजिकता तक, हर जगह विज्ञान का महत्व है। अगर दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विज्ञान की दिशा में परस्पर सहयोग और होड़ की ठान लेंगी, तो दुनिया के लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं।

अमेरिका की योजना चांद को अंतरिक्ष में आधार पर बनाने की है, ताकि वहां से मंगल तक पहुंचना आसान हो जाए। सबकुछ ठीक रहा, तो इंसान 2040 तक मंगल ग्रह पर पहुंच सकता है। अगर यह संभव हुआ, तो मानव जाति की चिंतन की दिशा भी बदल जाएगी। यह बहुत खुशी की बात है कि आर्टेमिस कार्यक्रम में नासा के भागीदारों में जापान और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियां शामिल हैं। अमेरिका दूसरे देशों को साथ लेकर चलना चाहता है, जबकि चीन का अभियान सबसे अलग है। चीन का अंतरिक्ष अभियान 2030 के आसपास चांद पर इंसानों को उतारेगा। 2012 में चीन के नेता बनने के बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने देश को अमेरिका और रूस के साथ एक अंतरिक्ष महाशक्ति में बदलने का लक्ष्य रखा था। अमेरिका अभी चीन की प्रगति को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरे के रूप में देखता है। इसमें कोई शक नहीं कि अमेरिकी अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति से चीन ने बहुत कुछ लिया या सीखा है और अब चीन की अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए अमेरिकी दरवाजे लगभग बंद कर दिए गए हैं। मतलब चीन को अगर आगे का सफर नकल के बजाय अपने दम पर तय करना है, तो उसे विज्ञान पर ज्यादा फोकस करना होगा। साम्राज्यवादी चीन अगर ज्यादा विज्ञान केंद्रित होगा, तो संभव है, दुनिया के लिए वह ज्यादा फायदेमंद रहेगा।

भारत का अंतरिक्ष विज्ञान भी अपने दम पर अपनी गति से आगे बढ़ रहा है और जिसकी सराहना दूसरे देश भी करते हैं। विज्ञान पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान देना भारत के लिए जरूरी है, ताकि यहां का आम जनमानस हल्के विषयों पर ही खर्च न हो जाए। यह खुशी की बात है कि जी-20 देशों की अध्यक्षता भारत को हासिल हुई है और वह विज्ञान पर केंद्रित एक सम्मेलन करने जा रहा है। विज्ञान-20 शिखर सम्मेलन की बैठक 21 से 22 जुलाई, 2023 तक कोयम्बटूर में होगी। दुनिया को विज्ञान की मदद से बेहतर बनाने की जरूरत से आज भला कौन इनकार करेगा। पर्यावरण बचाव से लेकर सामाजिकता तक, हर जगह विज्ञान का महत्व है। अगर दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाएं विज्ञान की दिशा में परस्पर सहयोग और होड़ की ठान लेंगी, तो दुनिया के लिए इससे बेहतर और कुछ नहीं।

# जी-20 शिखर सम्मेलन : मेक फॉर द ग्लोबल का नया द्वार

नवम्बर 16 को भारत के जी-20 का नया अध्यक्ष बनने के बाद 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द ग्लोबल' की नई संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। 15 नवम्बर को दुनिया के सबसे प्रमुख 20 देशों के समूह जी-20 के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम सब पर नई वैश्विक व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कोविड और यूक्रेन संकट के बाद वैश्विक सप्लाई चेन तहस-नहस हो गई है। ऐसे में भारत आत्मनिर्भरता के साथ वैश्विक जरूरतों की पूर्ति के लिए अहम भूमिका निभाते दिख रहा है।

गौरतलब है कि इन दिनों पूरी दुनिया में चीन प्लस वन की जरूरत के मद्देनजर 'मेक फॉर द ग्लोबल' के लिए भारत को दुनिया के दूसरे नये कारखाने के रूप में चिह्नित किया जा रहा है। दुनिया के विभिन्न आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोटरे में मेक फॉर ग्लोबल और दुनिया के लिए खाद्यान्न आपूर्ति करने वाले नये देश के रूप में भारत की नई संभावनाएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 8 नवम्बर को वैश्विक निवेश फर्म मार्गन स्टेनली के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट में भी कहा गया है कि भारत के वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की जो संभावनाएं उभरकर दिखाई दे रही हैं, उसमें भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब और 'मेक फॉर द ग्लोबल' की अहम भूमिका होगी।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि चीन के खिलाफ नकारात्मक धारणा बनने से भारत को नया आधार मिल रहा है। दुनियाभर में तेजी से बदलती हुई यह धारणा भी भारत के लिए लाभप्रद है कि भारत सस्ती लागत और कार्य कौशल के मद्देनजर विनिर्माण में चीन को पीछे छोड़ते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में तीन नवम्बर को प्रकाशित 85 देशों के मैन्युफैक्चरिंग से संबंधित विभिन्न कारकों का समग्र मूल्यांकन करने वाली विश्व प्रसिद्ध यूएस न्यूज एंड वर्ल्ड रिपोर्ट' 2022 के तहत सस्ते विनिर्माण के मद्देनजर भारत को 100 प्रतिशत अंक दिए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत ने चीन और वियतनाम को पीछे छोड़ते हुए दुनिया भर में सबसे कम 'विनिर्माण लागत' वाले देश का दर्जा हासिल कर लिया है। हालांकि इस रिपोर्ट में 'अनुकूल कर वातावरण' और 'पारदर्शी सरकारी नीतियां' जैसी श्रेणियों में भारत का प्रदर्शन अभी भी सुधार योग्य कहा गया है। निश्चित रूप से भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने के परिप्रेक्ष्य में अधिक विनिर्माण लागत सबसे बड़ी चुनौती रही है, ऐसे में जहां अन्य प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में मैन्युफैक्चरिंग लागत में कमी भारत के लिए सुकूनदेह है, वहीं देश में तेजी से आर्थिक सुधारों ने भी भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब की संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। पिछले 8 वर्षो में सरकार ने जिस तरह कई आर्थिक सुधारों को अपनाया है और कई प्रोत्साहन दिए हैं, उससे भी भारत मैन्युफैक्चरिंग के एक बेहतर हब के रूप में उभरते हुए दिखाई दे रहा है। उल्लेखनीय है कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में मैन्युफैक्चरिंग के तहत 24 सेक्टर को प्राथमिकता के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। चीन से आयात किए जाने वाले दवाई, रसायन और अन्य कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्ष में सरकार ने प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेटिव (पीएलआई) स्कीम के तहत 14 उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपये आवंटन के साथ प्रोत्साहन सुनिश्चित किए हैं। अब देश के कुछ उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक पीएलआई स्कीम की सफलता के कारण ही वर्ष 2022-23 में अप्रैल-अगस्त के दौरान फॉर्मा उत्पादों के आयात में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 40 फीसद की कमी आई है और निर्यात में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के मुकाबले करीब 3.47 फीसद की वृद्धि हुई है।

**डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

> “ हमारी जरूरतें बदल गई हैं और वह नई जरूरतों में फिट नहीं बैठता। हमारी यात्रा जिस जगह पहुंच चुकी है, वहां किसी भी बुद्धू-बक्से को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता, जब तक वह स्मार्ट न हो जाए। तो आज विश्व टेलीविजन दिवस पर आप किस टीवी के सामने बैठना पसंद करेंगे? पुराने बुद्धू-बक्से के सामने या उसके सामने जो स्मार्ट हो चुका है?

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

# बुद्धू-बक्से की बदलती दुनिया में



वह साल 1996 की एक दोपहर थी, जब संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में तय किया गया कि अब से हर साल 21 नवबंर को विश्व टेलीविजन दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वैसे इस तरह के अंतरराष्ट्रीय दिवसों की उस समय भी कोई कमी नहीं थी, लेकिन तब तक टेलीविजन की ताकत जिस तरह से बढ़ चुकी थी, यह दिवस बहुत खास बन गया था। यह वह दौर था, जिसे पश्चिम में टेलीविजन का स्वर्णयुग कहा जाता है।

यही वह वक्त था, जब भारत में भी टेलीविजन की पहुंच का रिकॉर्ड तोड़ विस्तार हो रहा था। प्रसारण के आसमान में निजी क्षेत्र को जो खुली छूट मिली थी, उससे केबल टीवी नेटवर्क पूरे देश में फैल गया था। इसके बाद मनोरंजन और समाचारों की दुनिया ने जो पंख पसारे, उसने टेलीविजन को देश की मुख्यधारा के केंद्र में खड़ा कर दिया। गरीब तबकों के लिए भले ही तब यह एक हसरत ही था, लेकिन निम्न-मध्यवर्ग तक के घरों की यह शोभा बढ़ाने लगा था। जल्द ही इस मध्यवर्ग की सारी दिनचर्या टीवी के आस-पास होने लगी- सुबह के नाश्ते से लेकर रात के खाने तक। टीवी से सिर्फ मनोरंजन ही घरों तक नहीं पहुंचा, उपभोक्तावाद को भी ड्रॉइंग रूम से लेकर रसोई तक पहुंचने का एक जरिया मिल गया।

टेलीविजन की राजनीतिक ताकत को सबसे अच्छी तरह पहचाना तमिलनाडु की नेता जे जयललिता ने। उन्होंने अपनी पार्टी अन्नाद्रमुक के घोषणा-पत्र में यह वादा किया कि अगर पार्टी जीती, तो हर परिवार को एक कलर टीवी मिलेगा। उनका निशाना वे लोग थे, जिनके लिए टीवी अब भी एक हसरत था। मतदान के दिन लगा कि वोटर वोट नहीं दे रहे, मुफ्त टेलीविजन सेट के लिए अर्जी दे रहे हैं। जयललिता रिकॉर्ड मतों से जीतीं और जल्द ही उन्होंने अपना चुनावी वादा पूरा भी किया। भले ही इसके लिए राज्य के खजाने को 4,000 करोड़ रुपये की चपत लगी। आज हम जो मुफ्त लैपटॉप, टैबलेट और स्कूटी वगैरह बांटने की चुनावी घोषणाएं देखते हैं, उसकी शुरुआत टेलीविजन से ही हुई थी।

बेशक, जयललिता ने टीवी को घर-घर या शायद हर घर में पहुंचा दिया। यह भी कहा जाता है कि सूबे में टीवी उनके पास भी पहुंच गया, जो अस्थायी झोपड़ियों और तिरपाल वगैरह में रह रहे थे। लेकिन बाकी राज्य पीछे रह गए हों, ऐसा भी नहीं हुआ। ज्यादातर जगहों पर टीवी कुछ ही समय में तकरीबन हर घर में पहुंच गया। टेलीविजन मनोरंजन की जिस संस्कृति को परोस रहा था, वह अब सबको उपलब्ध थी, सबके लिए थी। तकनीक की एक सिफ्त यह होती है कि जब वह सबके पास पहुंच जाती है, तो अपनी हैसियत खो बैठती है। व्यापार जगत पर नई तकनीक के लिए दबाव बनने लगते हैं और समाज भी उसके लिए तैयार हो जाता है। यही रेडियो के साथ हुआ, यही टेप रिकॉर्डर के साथ हुआ, यही वीडियो प्लेयर के साथ हुआ और यही बाद में टेलीविजन के साथ होने लगा।

बेशक टेलीविजन खत्म नहीं हुआ, लेकिन जिस अर्थ में इसको हमारे समाज ने परिभाषित किया था, उस अर्थ में यह अपना वजूद काफी तेजी से खो रहा है। टेलीविजन का परंपरागत रूप वह है, जिसमें कुछ चैनल होते हैं, जो लगातार प्रसारण करते हैं। एक निश्चित समय पर उनके कार्यक्रम होते हैं और उन कार्यक्रमों को देखने के लिए आपको उस समय उसके सामने बैठना होता है। तकनीक की भाषा में इसे 'लिनीयर टीवी' कहा जाता है। शुरुआत में टेलीविजन के इसी रूप ने उसे एक तरह की सामाजिकता दी थी। हर रोज के प्राइम टाइम, चित्रहार और रविवार की फिल्म के समय पूरा परिवार एक साथ टीवी के सामने बैठ जाता था। कई बार अड़ोस-पड़ोस के लोग भी आ जुटते थे। बाद में रामायण और महाभारत के प्रसारण के समय में तो हालत यह होने लगी थी कि पूरा शहर ही टीवी के सामने जमा होता था और सड़कों पर कर्फ्यू वाले हालात होते थे। यू-ट?ब, स्ट्रीमिंग और ओटीटी प्लेटफॉर्म आने के बाद इस रूप में टेलीविजन अब खत्म होने लगा है।

टीवी पर हम जो देखते थे, वह अब हमें टीवी के बिना भी उपलब्ध है। अब आप उसे अपने मोबाइल फोन पर देख सकते हैं, अपने लैपटॉप, टैबलेट पर देख सकते हैं। हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद उसे हाथ की घड़ी और बच्चों के लंच बॉक्स में देखने की सुविधा भी उपलब्ध हो जाए। ड्रॉइंग रूम और बेड रूम की दीवार पर टंगे भारी-भरकम टीवी सेट की जो विशेषता थी, वह अब हमारे दैनिक उपयोग की कई चीजों ने अपना ली है। पिछली सदी के अंत में जब टेलीविजन का बुखार अपने चरम पर था, तो अखबार और पत्रिकाएं वगैरह यह कल्पना करते थे कि भविष्य का टेलीविजन कैसा होगा? कुछ लोग कहते थे कि वह कंप्यूटर जैसा होगा, वैसी ही क्षमताओं वाला। वहीं कुछ लोग कहते थे कि भविष्य का कंप्यूटर काफी कुछ टीवी जैसा होगा। वह हर घर में केंद्रीय महत्व की चीज बन जाएगा।

अक्सर जब हम भविष्य की कल्पना करते हैं, तो हमारे आस-पास जो भी कुछ उपलब्ध होता है, उसी के आधार पर आगे की सुध लेते हैं। तब किसने सोचा था कि स्मार्टफोन नाम की एक नई चीज आएगी और सब कुछ बदल जाएगा। आज जो टेलीविजन सेट बाजार में मिलते हैं, वे सब स्मार्टफोन की नकल करते दिखाई देते हैं। उन्हें कहा भी स्मार्ट-टीवी ही जाता है। वे तेजी से स्मार्टफोन के ही व्याकरण और गणित को अपनाते जा रहे हैं। कुछ में तो ऑपरेटिंग सिस्टम भी एंड्रॉयड होता है, जो मूल रूप से स्मार्टफोन के लिए बना था। इन दिनों नेटफ्लिक्स और प्राइम वीडियो काफी चर्चा में हैं, लेकिन ये समयबद्ध प्रसारण करने वाले चैनल नहीं हैं। इन तक आप एप के जरिये पहुंचते हैं, जिसकी अवधारणा स्मार्टफोन से ही आई है।

टेप रिकॉर्डर, वीसीआर, डीवीडी इसलिए विदा हो गए कि उनसे बेहतर तकनीक बाजार में आ गई थी। लेकिन 'लिनीयर टीवी' इसलिए नहीं विदा हो सका कि उसके बाजार में किसी नई तकनीक का हमला हो गया। हमारी जरूरतें बदल गई हैं और वह नई जरूरतों में फिट नहीं बैठता। हमारी यात्रा जिस जगह पहुंच चुकी है, वहां किसी भी बुद्धू-बक्से को तब तक स्वीकार नहीं किया जा सकता, जब तक वह स्मार्ट न हो जाए।

तो आज विश्व टेलीविजन दिवस पर आप किस टीवी के सामने बैठना पसंद करेंगे? पुराने बुद्धू-बक्से के सामने या उसके सामने जो स्मार्ट हो चुका है?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ताकि हर घर नल से चौबीसों घंटे मिल पाए स्वच्छ जल

नितिन बस्सी



भारत ने हाल ही में 54 प्रतिशत, यानी लगभग 10.4 करोड़ ग्रामीण परिवारों, घरों या परिसरों तक नल कनेक्शन पहुंचाने का प्रमुख पड़ाव हासिल किया है। यह उपलब्धि बड़ी है, क्योंकि 2019 में सिर्फ 17 प्रतिशत परिवारों के पास ही नल कनेक्शन था। इतना ही नहीं, आठ राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों तक नल कनेक्शन पहुंच चुका है। इसका श्रेय केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन (जेजेएम) को जाता है, जिसके तहत सभी ग्रामीण परिवारों को 2024 तक नल कनेक्शन से सुरक्षित और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य है। इस मिशन की विश्व स्तर पर प्रशंसा हो रही है।

हालांकि, नल कनेक्शन से आगे बढ़कर जलापूर्ति की विश्वसनीयता और सुरक्षा (हानिकारक तत्वों व संक्रमणों से मुक्त) बढ़ाने पर अब ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए आवश्यक है कि जल के साथ गुणवत्तापूर्ण आंकड़े भी सुनिश्चित हों, ताकि जहां भी कमियां आएं, उनको दूर किया जा सके।

अभी ग्रामीण जलापूर्ति की निगरानी के लिए दशकीय जनगणना, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएस), राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और जेजेएम की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) डैशबोर्ड जैसे विभिन्न स्रोतों के आंकड़ों का इस्तेमाल होता है। हालांकि, कौंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट ऐंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) ने अध्ययन में पाया है कि ग्रामीण पेयजल सेवाओं में प्रगति के आकलन के लिए विभिन्न राष्ट्रीय एजेंसियां जिन संकेतकों का इस्तेमाल करती हैं, वे पानी की विश्वसनीयता और सुरक्षा निर्धारित करने वाले जरूरी संकेतकों से नाममात्र ही मेल खाते हैं। अत ग्रामीण भारत में पेयजल सेवाओं को सुधारने के लिए पर्याप्त आंकड़ों की जरूरत है। इस दिशा में ये पांच कदम उठाए जा सकते हैं।

पहला, मौजूदा सर्वेक्षणों की शब्दावलियों व संकेतकों के लिए मानक बनाया जाना चाहिए। अलग-अलग सर्वेक्षणों से जल के बारे में अलग-अलग सूचनाएं मिलती हैं। ऐसे में, जलापूर्ति में प्रगति के बेहतर आकलन के लिए जरूरी है कि विभिन्न सर्वेक्षण एजेंसियों के बीच संकेतकों और शब्दालियों पर आम सहमति बनाई जाए।

दूसरा, भविष्य के सर्वेक्षणों की सीमाओं को बढ़ाया जाए, ताकि इनमें सुरक्षित पेयजल सेवाओं से जुड़े संकेतकों, जैसे- जलापूर्ति की दर, अवधि, मात्रा और गुणवत्ता को शामिल किया जा सके। उल्लेखनीय है कि जेजेएम में किसी तीसरे पक्ष या एजेंसी से जिले में नल कनेक्शन का वार्षिक मूल्यांकन कराने का प्रावधान मौजूद है। यह नियम इन आकलनों में विभिन्न राष्ट्रीय सर्वेक्षण एजेंसियों को सहयोग करने और उपलब्ध संसाधनों के कुशलतापूर्ण उपयोग का अवसर देता है।

तीसरा, इंटरनेट आधारित स्मार्ट जलापूर्ति निगरानी व्यवस्था को हर गांव तक विस्तार दिया जाए। अभी इसे 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 69 गांवों में प्रायोगिक तौर पर जांचा जा रहा है। यह व्यवस्था मुख्य रूप से प्रति व्यक्ति औसत दैनिक जलापूर्ति की जानकारी देती है। हालांकि, इसे सभी गांवों तक बढ़ाने के लिए सुव्यवस्थित योजना व पर्याप्त निवेश की जरूरत पड़ेगी। इसलिए, इसको चरणबद्ध तरीके से उन क्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ लागू किया जा सकता है, जहां जलापूर्ति बढ़ाने में पानी की किल्लत देखी जा रही है।

चौथा, हर नल कनेक्शन के साथ मीटर भी लगाना चाहिए। अभी केवल गांव में हो रही कुल आपूर्ति का ही पता चलता है। किसी गांव में किसी घर में कितनी आपूर्ति हो रही है, इसका पता नहीं चलता। साथ ही, मीटर लगाकर जल के दुरुपयोग को भी रोका जा सकता है। जल की गुणवत्ता की जांच से ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को भी जोड़ना चाहिए।

पांचवां, जल गुणवत्ता सूचकांक बनाना चाहिए, क्योंकि पानी की गुणवत्ता इसके कनेक्शन जितनी ही महत्वपूर्ण है। घर-घर तक जल पहुंचाना ही काफी नहीं है, गुणवत्ता सुनिश्चित करना जरूरी है। अभी महाराष्ट्र जैसे कुछ ही राज्य नदियों और भूजल के वर्गीकरण के लिए जल गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करते हैं। जाहिर है, इन सुझावों को लागू करने से भारत को नल से जल की विश्वसनीयता दिखाने में मदद मिलेगी।

**( साथ में कार्तिक गणेशन )**

आरके सिन्हा

# विवाद : काश! राहुल कुछ सीख लेते अपनी दादी से

राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र में संसद भवन जाएं तो एक बार देख लें विनायक दामोदर सावरकर का वहां पर लगा चित्र।

वे संसद भवन के स्टाफ से यह भी पूछ लें कि इस चित्र का अनावरण कब और किसने किया था। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में वीर सावरकर पर ओछी टिप्पणियां करके अपनी अज्ञानता और मंद बुद्धि का ही परिचय दिया है। हो सकता है कि उन्हें पता ही न हो कि वीर सावरकर का चित्र संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ है, जहां तमाम सांसद रोज ही जाते हैं। वीर सावरकर के चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था।

जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। इस पर कांग्रेस को जवाब दिया गया था कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति और स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग और समर्पण को देखते हुए सेंट्रल हॉल में उनके चित्र स्थापित उन्हें सम्मान दिया गया। क्या राहुल गांधी को पता नहीं है कि संसद भवन में किसी असाधारण शख्सियत का ही चित्र लग सकता है?

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान विगत मंगलवार को राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में रैली की। उन्होंने कहा कि एक ओर बिरसा मुंडा जैसी महान शख्सियत हैं, जो अंग्रेजों के सामने झुकी नहीं और दूसरी ओर सावरकर हैं, जो अंग्रेजों से माफी मांग रहे थे। राहुल गांधी ने कहा, 'भगवान बिरसा मुंडा जी 24 साल की आयु में शहीद हो गए। अंग्रेजों ने उन्हें जमीन देने की कोशिश की, धन देने की कोशिश की, उन्हें खरीदने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने सब नकार दिया। उन्होंने कहा कि मुझे अपने लोगों को हक दिलवाना है।' राहुल गांधी, उनके सलाहकार और समर्थक उन्हें संविधान से प्राप्त अभिव्यक्ति की आजादी के तहत कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र हैं। अपनी सियासी यात्रा में उन्होंने स्वातंत्र्यवीर सावरकर जी के संबंध में जो टिप्पणी की है, उसकी जरूरत क्या थी। काश! उन्होंने सावरकर के बारे में अपनी दादी एवं देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ही राय को जान लिया होता। इंदिरा जी जब भारत की सूचना एवं प्रसारण मंत्री थीं, तब उन्हीं के निर्देश पर और उन्हीं की देखरेख में सावरकर जी पर केंद्रित डाक्यूमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा जी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति या सम्मान में डाक टिकट जारी होने की जानकारी भी शायद इन लोगों को नहीं होगी। ऊपर से, इनको यह जानकारी क्यों नहीं है कि स्वयं इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिए 11,000 रुपये का अंशदान किया था। जो बातें आज राहुल गांधी कहते हैं, वे इंदिरा जी को क्यों नहीं मालूम थीं, या राहुल गांधी अपनी पसंद का नया इतिहास ही जानने की जिद पर अड़े हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026, 7869620239

ओम क्रियेशन कार्ड्स
• फैंसी एनवेलोप्स • वेडिंग कार्ड • कैलेंडर
आकर्षक, मनमोहक, फैंसी
शादी कार्ड
रायपुर से कम दाम में
शॉप नं. 9301816830, मो.-9301182010
पचरी पारा, कुआ चौक, बस स्टैण्ड रोड, दुर्ग

ओम यूनिफॉर्म
स्कूल यूनिफॉर्म एंड जनरल ऑर्डर सप्लायर्स
रवि अग्रवाल-9302834646
इंदिरा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स के पास, दुर्ग

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

महक सेनीटेशन


सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें

अनिल गुप्ता
मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144






# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़









### विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव

## विभिन्न विधाओं में भाग लेकर स्कूली बच्चों और युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरिया ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुसार कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक और स्थानीय खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। खेलों में भाग लेकर जिलेवासियों की प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से जिले में गत 17 और 18 नवंबर को विकासखंडस्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन सलका स्थित डाइट में किया गया जिनमें स्कूली बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विकासखंड स्तर पर विजेता प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार 10 दिसंबर तक जिला स्तरीय आयोजन किया जाना है।

जिला खेल अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवा महोत्सव का आयोजन के अंतर्गत लोकनृत्य, लोकगीत,एकांकी नाटक, शास्त्रीय गायन (हिंदुस्तानी/कर्नाटक शैली), सितार वादन, बांसुरी वादन, तबला वादन, वीणा, मृदंगम, हारमोनियम (शास्त्रीय वादन), गिटार (भारतीय / पाश्चात्य शैली), मणिपुरी (शास्त्रीय नृत्य), ओड़िशी शास्त्रीय नृत्य, भरतनाट्यम (शास्त्रीय नृत्य), कत्थक (शास्त्रीय नृत्य), कुचीपुड़ी, (शास्त्रीय नृत्य), तात्कालिक भाषण विधाओं को शामिल किया गया है।

इसके साथ ही सुआ, पंथी नृत्य, करमा नाचा, सरहुल, बस्तरिहा लोकनृत्य, राउत नाचा,फुगड़ी, भौरा, गेड़ी दौड़, रॉक बैंड, पारम्परिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा) प्रतियोगिता, फूड फेस्टिवल (छत्तीसगढ़ी व्यंजन पर आधारित), चित्रकला (छत्तीसगढ़ के लोक संस्कृति के चित्रण के आधार पर), वाद-विवाद (तात्कालिक एवं समसामयिक विषयक), क्वीज, निबंध, कबड्डी, खो-खो, कुश्ती के अलावा मुख्यमंत्री के द्वारा की गई घोषणानुसार राज्य के लोक साहित्य को भी शामिल किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विविध संस्कृति एवं विभिन्न बोलियों वाला प्रदेश है अतएव जिला स्तर पर स्थानीय लोक कला जैसे (पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, भित्तिचित्र एवं अन्य) लोक भाषा का साहित्य जैसे गोंडी, हल्बी, कुडूख आदि एवं अन्य सभी लोक भाषा के जो भी लोक कलाकार प्रस्तुति देना चाहे, यदि वे छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हो उन सभी को जिला स्तर पर शामिल किया जाएगा।

### प्रिंस अब पढ़ेगा, आगे बढ़ेगा...

## घूमंतू बच्चों का भविष्य संवारने कलेक्टर ध्रुव की अभिनव पहल

श्रीकंचनपथ न्यूज



**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर:** 'प्रिंस अब पढ़ेगा, आगे बढ़ेगा 'चिरमिरी में बीते चार सालों से निवासरत राजा पनिका का 8 वर्षीय पुत्र प्रिंस अब स्कूल में पढ़ाई कर अपना भविष्य गढ़ेगा, जीवन में आगे बढ़ेगा। कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव की विशेष पहल से प्रिंस को कचरा बिनने से छुटकारा मिल गया है। सोमवार को उसका दाखिला चिरमिरी के पोड़ी बाजार स्थित सरकारी स्कूल में हो जाएगा। प्रिंस को स्कूल जाने के लिए नया ड्रेस, पुस्तक, कॉपी और बैग मिल गया है। नगर निगम चिरमिरी के अधिकारी प्रिंस को अपने साथ ले जाकर उसे स्कूल में प्रवेश दिलाएंगे। वह नियमित रूप से स्कूल जाए और अच्छे से पढ़ाई करे, इसकी मॉनिटरिंग भी की जाएगी।

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने प्रिंस जैसे घूमंतू, कचरा बिनने वाले, अनाथ और बेसहारा बच्चों को शिक्षा की व्यवस्था कर उनका भविष्य को संवारने के लिए बाल-जतन अभियान की शुरूआत की है। प्रथम चरण में यह अभियान जिले के सभी नगरीय क्षेत्रों में संचालित होगा।

नगरीय निकाय और शिक्षा विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से घूमंतू, कचरा बिनने वाले, अनाथ और बेसहारा बच्चों को चिन्हित कर उनका स्कूल में दाखिला कराएंगे। इन बच्चों को पठन-पाठन सामग्री सहित अन्य सुविधाएं भी शासकीय योजनाओं एवं गैर-शासकीय संगठनों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री ध्रुव आज सुबह 6 बजे कड़ाके की ठंड के बावजूद आकस्मिक रूप से चिरमिरी नगर पहुंचे और यहां विभिन्न चौक-चौराहों और वार्डों में पैदल घूमकर साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान पोड़ी बाजार के करीब उनकी नजर कचरा बिनते 8 वर्षीय बालक प्रिंस पर पड़ी। कलेक्टर ने उसके पास पहुंचे। उसका नाम, पता और पढ़ाई-लिखाई के बारे में पूछताछ की। कलेक्टर ने प्रिंस को स्कूल जाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अभी उसकी उम्र पढ़ने-लिखने की है। उन्होंने उसे कचरा बिनने का काम बंद करने और स्कूल जाने की समझाइश दी। यहां यह उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ध्रुव के पूछने पर प्रिंस ने बताया कि वह कक्षा दूसरी में पढ़ता है।

### खास खबर

#### सेवा भावना देख भाव-विभोर हुई साँसद ने कार्यों को सराहा

**कोरबा।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा प्रवास के दौरान वृद्धजनों, कुष्ठ पीड़ितों एवं विशेष विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के बीच पहुंचकर खुशियां बांटी। सांसद ने इनकी देख-रेख और सेवा करने वालों के कार्यों को सराहते हुए कहा कि इससे बड़ी और सच्ची दूसरी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती। सांसद ने मां सर्वमंगला देवी मंदिर के निकट संचालित प्रशांति वृद्धाश्रम, मुड़ापार में स्थित कुष्ठ पीड़ितों के आश्रम, अंकुर विशेष स्कूल तथा रोटरी दिव्य ज्योति विद्यालय में पहुंचकर खुशियां बांटी। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि अनेकानेक कारणों से वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की देखरेख और उनका सेवा-जतन नि:संदेह पुण्य का कार्य है। अंकुर विशेष स्कूल एवं रोटरी दिव्य ज्योति छात्रावास के दिव्यांग बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वे दिव्यांग नहीं हैं बल्कि उन्हें ईश्वर ने सामान्य मनुष्यों से भी कहीं ज्यादा दिव्य शक्तियां प्रदान की है। ये बच्चे अपनी शारीरिक अक्षमताओं के बाद भी अध्ययन-अध्यापन करते हुए जीवन के संघर्ष में आगे बढ़ रहे हैं जो इनकी जीवटता को प्रदर्शित करता है। सांसद ने इन बच्चों का जीवन संवारने, शिक्षित कर विभिन्न विधाओं में पारंगत करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि वे बहुत ही नेक कार्य कर रहे हैं। विद्यालय के संचालकों के प्रति भी सांसद ने कृतज्ञता ज्ञापित की जो सेवा के इस कार्य को निरंतर व निर्बाध जारी रखे हुए हैं। सांसद ने अपने जन्म दिन के अवसर पर इन सभी स्थानों में केक काटकर खासकर बच्चों के साथ खुशियां बांटी। इन अवसरों पर प्रमुख रूप से महापौर राजकिशोर प्रसाद, सांसद पुत्र सूरज महंत, पुत्री डॉ. सुप्रिया महंत-अवधेश, कांग्रेस नेत्री श्रीमती ऊषा तिवारी, रुपा मिश्रा, पार्षद संतोष राठौर, पार्षद दिनेश सोनी, महेश अग्रवाल, रोटरी दिव्य ज्योति छात्रावास में श्रीमती रीता खेत्रपाल सहित समस्त शिक्षकगण एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

## अवैध निर्माण के नियमितीकरण में लाएं तेजी : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

### मुख्यमंत्री ने कहा -जनता को सीधा लाभ पहुंचाने हेतु लाया गया है यह क़ानून, अधिक से अधिक लोगों को मिले लाभ

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर एवं ग्राम निवेश विभाग के अधिकारियों को अवैध निर्माण के नियमितीकरण के कार्य में तेज़ी लाने के निर्देश दिए हैं, उन्होंने कहा है कि इसका जनता के बीच व्यापक प्रचार प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को सीधा लाभ पहुँचाने के लिए यह कानून लाया गया है। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। अवैध निर्माण के नियमितीकरण के लिए वार्ड स्तर, ग्राम स्तर पर कैंम्प लगाए जाएँ।



मुख्यमंत्री ने आज यहां पर अपने निवास कार्यालय में आयोजित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि कॉलोनी के लेआउट और मार्ग संरचना के अनुमोदन का काम समय सीमा में पूर्ण करें। अवैध कॉलोनाइजर पर सख्त कार्यवाही करें। आवश्यकता होने पर एफ़आईआर दर्ज की जाए। मुख्यमंत्री ने बैठक में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग, आवास एवं पर्यावरण, एनआरडीए के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। रायपुर एयरपोर्ट में दूसरे रनवे के लिए राज्य सरकार आरक्षित करेगी भूमि मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि रायपुर एयरपोर्ट में फ्लाइट की संख्या बढ़ाने के लिए दूसरे रनवे के लिए राज्य सरकार भूमि आरक्षित करेगी।

इसके लिए केंद्र से अनुमति हेतु प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रायपुर एयरपोर्ट के पास ऐरोसिटी विकास हेतु प्रक्रिया प्रारंभ करें। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नया रायपुर में सेवा ग्राम निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों को सड़क मरम्मत के लिए जारी किए 147 करोड़ रुपए मुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों को सड़क मरम्मत के लिए 147 करोड़ रुपए जारी करते हुए कहा कि कलेक्टरों को सड़क मरम्मत के लिए एजेंसी चयन के अधिकार होंगे। उन्होंने शहरों की ख़राब सड़कों की मरम्मत तत्काल करने के सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कलेक्टर और निगम आयुक्त स्वयं सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, नगरीय प्रशासन विभाग एवं विकास विभाग की सचिव श्रीमती अलरमेलमंगई डी., मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी, डॉ. एस. भारतीदासन और श्री अंकित आनंद, मुख्यमंत्री की उपसचिव सुश्री सौम्या चौरसिया सहित सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भूपेश बघेल के निर्देश पर सड़कों के मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार जिले के सड़कों के गड्ढे भराई एवं सड़कों के मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण से आवागमन आसान हो गया है, जिससे जिले के क्षेत्रवासी भी अत्यंत खुश हैं। बिलासपुर जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्मित एवं 05 वर्ष से अधिक पुराने सड़कों के मरम्मत कार्य हेतु 327 कि.मी. लंबाई की कुल 96 सड़कों के लिये 55.39 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति दी गई थी।

प्राप्त स्वीकृति अनुसार विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के सभी विकासखण्डों में सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारम्भ कर दिया गया है। अभी तक 21 सड़कों का नवीनीकरण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष सभी ग्रामीण सड़कों के मरम्मत का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। कार्यपालन अभियंता पी.आई.यू. बिलासपुर द्वारा बताया गया कि शेष सभी सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य मार्च 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा निर्मित ग्रामीण सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण होने से क्षेत्रवासी खुश हैं, इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के परियोजना मण्डल बिलासपुर के अधीक्षण अभियंता श्री संजय शर्मा ने बताया कि बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा एवं गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में 1258 कि.मी. लंबाई की कुल 352 सड़कों के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के लिए लगभग 160 करोड़ रु. की राशि की स्वीकृति प्राप्त हुई है। जिसके तहत् सभी जिलों में मरम्मत एवं नवीनीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया। सभी सड़कों के मरम्मत का कार्य मार्च 2023 से पूर्व पूर्ण कर लिया जायेगा। जिससे आगामी बरसात से पूर्व ग्रामवासियों को आवागमन में असुविधा नहीं होगी। अधीक्षण अभियंता द्वारा बताया गया कि सभी ठेकेदारों को मरम्मत कार्य पूरी गुणवत्ता से करने के निर्देश दिये गये है। उन्हें मरम्मत कार्य मार्च 2023 के पूर्व अनिवार्यत: पूर्ण करने कहा गया है।

## गायत्री परिवार रायपुर उपजोन की त्रैमासिक संगोष्ठी का आयोजन माता कौशल्या धाम चंदखुरी में

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित राम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी के सूक्ष्म सरंक्षण में विचार क्रांति अभियान के सप्त सूत्रीय आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी जिले में गायत्री शक्ति पीठ, प्रज्ञा पीठ, प्रज्ञा मंडल, महिला मंडल, युवा प्रकोष्ठ और अन्य संगठन बनाए गए हैं।

गायत्री परिवार रायपुर के जिला समन्वयक लच्छूराम निषाद ने बताया कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार के परिजनों के द्वारा सभी जिलों में अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम जैसे - वृक्षारोपण, अनेक स्थानों में नदी व तालाबो की साफ सफाई, स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों के आध्यात्मिक विकास व सदाचारी जीवन के लिए चलाए जा रहे बाल संस्कार शाला, सदवाक्य लेखन, नारी शसक्तीकरण, अखंड ज्योति-युग निर्माण योजना-प्रज्ञा अभियान पत्रिका की सदस्यता, नशा उन्मूलन कार्यक्रम, गृहे गृहे गायत्री यज्ञ, अखंड जप व मंत्र लेखन एवं नि:शुल्क समस्त 16 संस्कार आदि कार्य कराए जाते है। इन सभी कार्यों की समीक्षा करने के लिए व वर्ष 2026 में माता भगवती की जन्म शताब्दी और अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आगामी कार्य योजना व विचार मंथन के लिए दिनांक 20 नवंबर 2022 को गायत्री परिवार रायपुर संभाग के पांच जिला रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार, महासमुंद के वरिष्ठ सदस्यों एवं गायत्री परिजनों की त्रैमासिक सम्मेलन माता कौशल्या धाम चंदखुरी रायपुर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक श्रीमती आदर्श वर्मा द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथि चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद, रविशंकर धीवर अध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी, महेश बैस व गालव साहू - अध्यक्ष कौशल्या माता मंदिर समिति चंदखुरी, नरोत्तम देवांगन उपाध्यक्ष नगर पंचायत चंदखुरी, श्रीमती शारदा देवी वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती ललिता कृष्णा वर्मा जिला पंचायत सदस्य, दिनेश ठाकुर जनपद सदस्य, श्याम बैस मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ समता कॉलोनी रायपुर, डॉ अरुण मरडिया, दिलीप पाणिग्रही पूर्व समन्वयक छत्तीसगढ़, सीपी साहू उपजोन समन्वयक रायपुर, दीपक बैस पूर्व जनपद अध्यक्ष, उदय वर्मा पूर्व सरपंच, श्रीमती मालती धीवर सरपंच चंदखुरी, शोभा यादव समाज सेवक, वेदराम मनहरे नशा मुक्ति प्रकोष्ठ प्रभारी, श्रीमती सरला कोसरिया, प्रांतीय प्रभारी गर्भ संस्कार अभियान, थे। इस सम्मेलन में रायपुर उपजोन के पांचों जिला के सभी जिला समन्वयक दिलीप नाग धमतरी, कौशल साहू बलौदाबाजार, बोधराम साहू महासमुंद, टीकम साहू गरियाबंद, शक्तिपीठों के ट्रस्टी गण, ब्लॉक समन्वयक एवं अनेक गायत्री परिजन उपस्थित थे। सम्मेलन के उपरांत सभी के द्वारा माता कौशल्या मंदिर व परिसर का भ्रमण किया गया।

## बिरसा मुण्डा जयंती कल

**कोरबा।** बसपा के द्वारा बस्तर में बिरसामुण्डा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। 22 नवंबर को होने वाले इस समारोह में कोरबा जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। बसपा जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में बैठक लेने के निर्देश दिये है। रामपुर विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी जगतराम राठिया, अध्यक्ष निलकण्ठ कमलाकर, अर्जुन पात्रे, एसआर निराला के द्वारा बैठक ली गई। कटघोरा विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी नरेश अकेला अध्यक्ष मनोज हिरवानी, सत्यजीत कुर्रे, निलेश बघेल के द्वारा बैठक ली गई। कोरबा विधानसभा क्षेत्र में कपील चौहान, त्रिवेणी भास्कर, मुकेश सोना, के द्वारा बैठक ली जा रही है।







खास खबर

### कैबिनेट मंत्री लखमा ने कांग्रेस प्रत्याशी भानुप्रतापपुर के पक्ष में चुनाव प्रचार किया

**रायपुर।** ग्राम हाराडुला, जिला – कांकेर में भानुप्रतापपुर में काँग्रेस की उम्मीदवार सावित्री मंडावी के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल होकर बूथ स्तर तक मजबूत कर ग्रामवासियों को संबोधित किया गया। कैबिनेट मंत्री के द्वारा ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा किकिसानों का कर्जा माफी करने वाला हिंदुस्तान का पहला सरकार है। प्रत्येक वर्ग के लोगो को राशन कार्ड देने का कार्य, तेंदूपत्ता का नगद भुगतान, महंगाई पर आम जनता का ध्यान आकर्षण किया। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ की काँग्रेस की सरकार के द्वारा पंचायती राज को मजबूत, टाटा की जमीन को वापस, वन अधिकार पट्टा देने का काम। भाजपा के सरकार के लोगो से जरूर पूछो की 2500 क्यों नही दिये। राशन कार्ड, आदिवासी के प्रत्येक परिवार को जर्सी गाय देने का वादाखिलाफी के बार मे जानकारी लेने की बात कही। कांग्रेस का सरकार सभी वर्ग के लोगो को लेकर चलने वाली सरकार है। उन्होंने स्वर्गीय मनोज मंडावी जी को याद करते हुए जिला कांकेर में किये गए विकाश कार्य के बारे में चर्चा किये। उन्होंने आगे कहा कि माण्डवी जी के विकाश के पहिये को रोकने नही देना है इसलिए अधिक से अधिक बहुमत देकर भनुप्रतापपुर विधानसभा की कांग्रेस पार्टी की उम्मीदवार सावित्री माण्डवी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आग्रह ग्रामवासियो से किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी, कांग्रेसी प्रत्याशी सावित्री मंडावी, जिला पंचायत सदस्य, कांग्रेसी पदाधिकारीगण, कार्यकर्तागण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने मत्स्य कृषकों को विश्व मात्स्कीय दिवस की बधाई दी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के मत्स्य कृषकों एवं मछुआ समाज को विश्व मात्स्यिकी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ लैण्ड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य बीज उत्पादन एवं मत्स्य उत्पादन में देश में 6वें स्थान पर है। यह हम सबके लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इसका श्रेय राज्य के मत्स्य पालक कृषकों एवं मछुआरों को है। जिन्होंने अपनी लगन और मेहनत से छत्तीसगढ़ राज्य को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान दिलाया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए उनकी सरकार ने कई प्रभावी कदम उठाएं हैं, ताकि मत्स्य कारोबार से जुड़े लोगों के जीवन स्तर में एक सुखद बदलाव लाया जा सके। छत्तीसगढ़ राज्य में मछलीपालन को कृषि का दर्जा दिया है। मत्स्य पालन करने वाले कृषकों को अब सामान्य कृषकों के समान ही सहकारी समितियों से बिना ब्याज के सहजता से ऋण उपलब्ध होने लगा है। मत्स्य पालन कृषकों को रियायती दर पर विद्युत की भी सुविधा दी जा रही है। मत्स्य पालन करने वाले लोग सामाजिक एवं आर्थिक रूप से आगे बढ़े, यही हमारी कोशिश है। छत्तीसगढ़ सरकार मत्स्य पालन कृषकों एवं मछुआरों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नयी मछलीपालन नीति तैयार की गई है।

### युंका के युवा संकल्प कार्यक्रम में बस्तर के कार्यकर्ता भी होंगे शामिल

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश सचिव विक्रांत सिंह बताया कि जिस प्रकार देश में हमारे नेता राहुल गांधी कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं, और यात्रा में सद्भावना एकता की बात करते हुए भारत को जोड़ रहे हैं, उसी की तर्ज में छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा द्वारा 21 नवंबर को रायपुर राजधानी के इनडोर स्टेडियम में भारत जोड़ो युवा संकल्प समारोह का आयोजन कर रहे हैं। समारोह में पूरे प्रदेश में हजारों युवा एकत्रित होकर संकल्प लेंगे और भारत को जोड़ने पर एकता बनाए रखने के लिए अपने विधानसभा वार्ड और ब्लॉक स्तर तक जाकर यह संदेश को पहुंचाएंगे। विक्रांत सिंह ने क्षेत्र के युवाओं से अपील की है कि इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

**गोधन न्याय योजनाः हितग्राहियों को 56वीं किश्त के रूप में 7 करोड़ से अधिक की राशि का अंतरण**

# गोधन न्याय योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली मजबूतीः भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थित अपने निवास कार्यालय में गोधन न्याय योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में हितग्राहियों को 56वीं किश्त के रूप में हितग्राहियों को ऑनलाइन कुल 7 करोड़ 14 लाख रूपए की राशि का अंतरण किया। इसमें गोबर विक्रेताओं को 4.55 करोड़ रूपए, गौठान समितियों को 1.17 करोड़ रूपए तथा स्व-सहायता समूहों को 1.42 करोड़ रूपए की लाभांश राशि शामिल है।**



मुख्यमंत्री बघेल ने गोधन न्याय योजना के तहत राशि का वितरण करते हुए खुशी व्यक्त किया कि राज्य में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत संचालित 9 हजार गौठानों में से अब तक 4 हजार से अधिक गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन गए हैं, जो स्वयं की राशि से गोबर खरीदने में सक्षम हो गए हैं, यह योजना का उल्लेखनीय और एक महत्वपूर्ण परिणाम है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने गौ-पालक किसानों और गोबर विक्रेताओं तथा स्व-सहायता समूहों को सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा संचालित गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। इससे हितग्राहियों को काफी तदाद में लाभ होने लगा है और वे आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। साथ ही इससे गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने लगी है। ये आंकड़े और परिणाम गोधन न्याय योजना की सफलता को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। जिसकी चर्चा अब देशभर में होने लगी है और इसके परिणाम को देखते हुए अन्य राज्य भी गोधन न्याय योजना को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। कभी किसी ने सोचा नहीं था कि गोबर से भी पैसा कमाया जा सकता है पर गोधन न्याय योजना का क्रियान्वयन कर छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार ने इसे साबित कर दिखाया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने आगे गौ पालक किसानों को अधिक से अधिक पैरादान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आप अपने गांव के गौठान में जो पैरादान करेंगे, उससे गांव के पशुओं के लिए चारे का बेहतर इंतजाम होगा। साथ ही जैविक खाद भी बनाया जा सकेगा। पैरा दान का फायदा पूरे गांव को होगा और इससे गांव का वातावरण भी साफ-सुथरा तथा शुद्ध रहेगा। मुझे इस बात की खुशी है कि छत्तीसगढ़ के किसानों ने पैरादान को लेकर भी जागरूकता आई है। पिछले 4 वर्षों के दौरान हमारे प्रदेश के किसानों ने खेती-किसानी के क्षेत्र में देश में कई मिसालें प्रस्तुत की हैं। निश्चित तौर पर पैरादान अभियान को लेकर भी वे नई मिसाल प्रस्तुत करेंगे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में खेती-किसानी को लेकर आप लोगों से मेरी लगातार आमने-सामने बात-चीत होती रहती है। मुझे आप लोगों का उत्साह देखकर बहुत अच्छा लगता है। छत्तीसगढ़ में इस साल भी धान की फसल अच्छी हुई है। वर्तमान में धान खरीदी का काम भी जोर-शोर से चल रहा है। किसानों को कोई असुविधा न हो, इसके मद्देनजर धान खरीदी व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त बनाया गया है। चालू धान खरीदी सीजन में अब तक 8 लाख 67 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान के एवज में किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत लगभग 01 हजार 800 करोड़ रूपए का भुगतान भी कर दिया गया है। प्रदेश में इस वर्ष 110 लाख मीट्रिक टन धान के उपार्जन का लक्ष्य निर्धारित है। कार्यक्रम को कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने भी सम्बोधित किया।

गौरतलब है कि राज्य में गोधन न्याय योजना के अंतर्गत ग्रामीण पशुपालक किसानों से गोबर क्रय करने में छत्तीसगढ़ सरकार के साथ-साथ अब स्वावलंबी गौठान भी बराबर की भागीदारी निभाने लगे हैं। राज्य में औसत रूप से प्रत्येक पखवाड़े 4 से 5 करोड़ रूपए की गोबर खरीदी गौठानों में हो रही है, जिसमें से दो से ढ़ाई करोड़ रूपए का गोबर स्वावलंबी गौठान स्वयं की राशि से कर रही है।

बीते कुछ पखवाड़े से यह स्थिति बन गई है कि गोधन न्याय योजना के तहत हो रही गोबर खरीदी की राशि का लगभग 50 प्रतिशत से भी कम का भुगतान ही सरकार के जिम्मे आ रहा है। राज्य में 4010 गौठान पूरी तरह से स्वावलंबी बन गए हैं इन गौठान समितियों के पास 103 करोड़ रूपए की पूंजी जमा है। गौठान समितियों ने अब तक 26.73 करोड़ रूपए का गोबर स्वयं की राशि से क्रय किया है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत गोबर खरीदी के एवज में अब तक गोबर विक्रेता पशुपालक ग्रामीणों को 179.28 करोड़ रूपए का भुगतान किया जा चुका है। 20 नवम्बर को 4.55 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह आकड़ा 183.83 करोड़ रूपए हो जाएगा। इसी तरह गौठान समितियों और महिला समूहों को लाभांश के रूप में 164.24 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया है। 20 नवम्बर को 2.59 करोड़ रूपए के भुगतान के बाद यह राशि बढ़कर 166.84 करोड़ रूपए हो जाएगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि महिला स्व-सहायता समूहों को वर्मी कम्पोस्ट के विक्रय के पश्चात शासन द्वारा 18 करोड़ रूपए के विशेष बोनस का भुगतान किया गया था।

राज्य में 10 हजार 448 गौठान स्वीकृत किए गए, जिनमें 9 हजार 36 गौठान निर्मित एवं संचालित हैं। गौठानों में पंजीकृत विक्रेताओं और पशुपालकों से 2 रुपए प्रति किलो की दर पर गोबर खरीदी की जा रही है। इससे 3 लाख 2 हजार 118 ग्रामीण, पशुपालक और भूमिहिन लाभान्वित हो रहे हैं, जिसमें भूमिहीनों की संख्या 1 लाख 66 हजार 279 हैं। लाभान्वितों में 46.13 फीसदी महिलाएं हैं। अलग-अलग वर्गों में अन्य पिछड़ा वर्ग के 49.03 फीसदी, अनुसूचित जनजाति के 39.56 फीसदी, अनुसूचित जाति के 8.10 फीसदी लाभान्वित हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा, मछुआ सहकारी संघ के अध्यक्ष एम. आर. निषाद, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के सचिव अंकित आनंद, पशुपालन विभाग की संचालक श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मछली पालन से बढ़ी आमदनी, सपने हो रहे पूरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ में नयी सरकार के गठन के बाद जनकल्याणकारी नीतियों ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए भी आमदनी बढ़ाने नए द्वार खोल दिए हैं। इसकी बानगी जांजगीर-चाम्पा जिले के बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम अफरीद के किसान परिवार में देखने को मिल रही है। यहां किसान श्री रमेश कुमार श्रीवास ने परम्परागत खेती के इतर मछली पालन में संभावनाएं तलाशी और उम्मीद के मुताबिक सफलता भी पायी। मछली पालन से आर्थिक समृद्धि की ओर कदम बढ़ाकर यह किसान परिवार अपनी दैनिक जरूरतों के अलावा दूसरी भौतिक सुविधाओं के सपने को भी पूरा कर रहा है।**

राज्य में मत्स्य पालन को दिया गया है कृषि का दर्जा

गौरतलब है कि राज्य में नई सरकार ने मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा दिया है। मछली पालन के क्षेत्र में बेहतर संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए किसानों और ग्रामीणों को मत्स्य पालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे प्रदेश के कई हिस्सों में छोटे और मझोले किसान धान और गेंहू जैसी परम्परागत खेती के अलावा मछली पालन जैसे उपाय अपना रहे हैं। राज्य के साथ बाहरी राज्यों में अच्छा बाजार मिलने के कारण इन किसानों को बेहतर आमदनी भी हो रही है। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में जांजगीर-चांपा जिले में गौठान परिसर और उसके समीप तालाब, डबरी का निर्माण महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से कराया गया है। इन तालाबों, डबरियों से ग्रामीणों को रोजगार के अवसर मिले इसके लिए मछली पालन करने वाले समूहों को चयनित कर मछली बीज संचयन का कार्य किया जा रहा है। इससे महिलाओं, युवाओं, ग्रामीणों को स्वावलंबन के साथ आय वृद्धि का नया जरिया मिला है।

उल्लेखनीय है कि जांजगीर-चाम्पा कृषि प्रधान जिला है। यहां सर्वाधिक धान की पैदावार होती है। जिले में सर्वाधिक तालाब, डबरियां भी हैं, जिनका उपयोग करते हुए मछुवारा समितियों और स्व-सहायता समूहों को मछलीपालन के क्षेत्र में आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के बम्हनीडीह विकासखंड अंतर्गत ग्राम अफरीद के किसान श्री रमेश कुमार श्रीवास मछली पालन कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार करने का प्रयास कर रहे हैं। वे बताते हैं कि बिलासपुर जाते समय ग्राम अर्जुनी विकासखंड अकलतरा स्थित श्री सुखदेव मण्डल के तालाबों में किये जा रहे मत्स्य पालन और उससे होने वाली आय से प्रभावित होकर उनमें भी मछली पालन करने की इच्छा जागृत हुई। इसके बाद उन्होंने श्री मंडल से तकनीकी जानकारी ली और विकासखंड के मत्स्य निरीक्षक से सम्पर्क किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत वर्ष 2021-22 में अपनी स्वयं की 0.953 हेक्टेयर भूमि में तालाब निर्माण कराया। मत्स्य विभाग द्वारा उनको दो लाख 66 हजार रुपये अनुदान दिया गया एवं इनपुट की राशि एक लाख 53 हजार सहित कुल राशि चार लाख 19 हजार रुपये प्रदाय की गई।



लगभग 4 लाख का शुद्ध लाभः

श्री रमेश द्वारा कम्पोजिट कल्चर पद्धति के तहत मिश्रित मेजर कार्प (रोहु, कतला, मृगल) ग्रास कार्प, पंगेशियस कुल 12000 मत्स्य बीज का संचयन किया गया है। वे वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य आहार (प्लेक्टॉँन) भी अपने तालाबों में ही तैयार करते हैं। सिर्फ फ्लोटिंग फीड बाजार से खरीदते हैं। विगत 5 माह के दौरान तालाब में मछलियों का साइज औसतन लगभग 500-600 ग्राम हो गया है।

मार्च-अप्रैल माह आने मछलियों का वजन औसतन एक किलोग्राम हो जाने के बाद लगभग 12,000 किलोग्राम उत्पादन अनुमानित है। इससे 110 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से लगभग 13 लाख रुपये का उत्पादन होगा। उन्होंने बताया गया कि प्रति किलोग्राम मछली में 80 रुपये लागत की आधार पर उन्हें 3.80 लाख रूपए के शुद्ध आय का अनुमान है। आय का नया जरिया देने और उनके हौसले को सहयोग से आगे बढ़ाने का श्रेय वे छत्तीसगढ़ सरकार को दे रहे हैं।

## जल जीवन मिशनः 16.54 लाख से अधिक परिवारों को मिला नल कनेक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। राज्य के ग्रामीण अंचलों में निःशुल्क घरेलू नल कनेक्शन देने का काम तेजी से किया जा रहा है। प्रदेश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में शुद्ध पेयजल आपुर्ति के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अंतर्गत अब तक 16 लाख 54 हजार 284 घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसके साथ-साथ राज्य के 43 हजार 844 स्कूलों, 41 हजार 661 आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा 17 हजार 278 ग्राम पंचायत भवनों और सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्रों में टेप नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की व्यवस्था की गई है।**

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रुद्रकुमार के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रति व्यक्ति, प्रति दिन 55 लीटर के मान से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, इसके लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार कर तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। इस मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन के अतिरिक्त स्कूल, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में रनिंग वाटर की व्यवस्था भी की जा रही है। जल जीवन मिशन संचालक श्री टोपेश्वर वर्मा ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सोलर आधारित, रेट्रोफिटिंग, मल्टी विलेज और सिंगल विलेज योजनाओं को जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी प्रगतिरत कार्य की अद्यतन जानकारी आईएमआईएस पोर्टल में इन्द्राज करना सुनिश्चित करने भी कहा है। जल जीवन मिशन के तहत जांजगीर-चांपा जिलें में सर्वाधिक 1 लाख 43 हजार 224 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए गए हैं। राजनांदगांव जिलें में 1 लाख 20 हजार 901, रायपुर जिलें में 1 लाख 905, रायगढ़ जिलें में 1 लाख 13, धमतरी जिले में 98 हजार 485, बलौदाबाजार-भाटापारा में 82 हजार 436, बेमेतरा 78 हजार 536, कवर्धा 79 हजार 819, दुर्ग 75 हजार 59, बिलासपुर जिले में 75 हजार 522 और महासमुंद जिलें में 72 हजार 632 नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं। इसी तरह गरियाबंद 62 हजार 398, बीजापुर 18 हजार 338, कांकेर 52 हजार 760, नारायणपुर 10 हजार 16, मुंगेली में 58 हजार 5 , बालोद में 60 हजार 561, दंतेवाड़ा में 16 हजार 993 ,कोण्डागांव में 36 हजार 360, बस्तर में 47 हजार 266, कोरिया में 37 हजार 644, सुकमा में 16 हजार 355, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 17 हजार 181, सूरजपुर में 36 हजार 579, जशपुर में 43 हजार 770 ,कोरबा में 42 हजार 375, बलरामपुर में 36 हजार 233 और सरगुजा जिले के 33 हजार 918 ग्रामीण परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























**सर्दियां अपने साथ स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव भी लेकर आती हैं, ऐसे में खुद को बीमारियों से कैसे बचाएं और सर्दियों का पूरा मजा कैसे लें, यह अच्छी तरह जान लेने की जरूरत है. चिकित्सक की सलाह है कि सर्दियों में खूब धूप सेकें, क्योंकि ऐसा न करना विटामिन-डी की कमी, अवसाद, जोड़ों के दर्द, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी का कारण बनता है. दिन की शुरुआत नाश्ते से पहले आधा लीटर पानी पीकर करें और हर घंटे बाद उचित मात्रा में पानी पीते रहें.**

# सर्दियों में धूप सेकें और खूब पीएं पानी वर्ना...

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के अध्यक्ष ने कहा, यह माना हुआ तथ्य है कि सर्दियों में दिल और दिमाग के दौरे या कार्डियक अरेस्ट की वजह से मौतों के मामले बढ़ने लगते हैं. इसके कई कारण हैं. पहला तो दिन छोटे हो जाते हैं, जिससे हार्मोन में असंतुलन पैदा होता है और शरीर में विटामिन-डी की कमी आती है. इससे दिल और दिमाग के दौरे की आशंका रहती है.

उन्होंने कहा कि ठंडे मौसम में दिल की धमनियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे दिल को रक्त और ऑक्सीजन की कमी हो जाती है. इससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है. ठंडे मौसम में खास कर उम्रदराज लोगों को अवसाद घेर लेता है, जिससे उनमें तनाव और हाईपरटेंशन काफी बढ़ जाता है. सर्दियों के अवसाद से पीड़ित लोग अक्सर ज्यादा चीनी, ट्रांस फैट और सोडियम व ज्यादा कैलोरी वाला आरामदायक भोजन खाने लगते हैं जो डायबिटीज और हाईपरटेंशन से पीड़ित लोगों के लिए बहुत ही खतरनाक हो सकता है.

### इन बातों का रखें ध्यानः

- अच्छी सेहत के लिए सॉल्युबल और इनसॉल्युबल फाइबर से भरपूर आहार लें जिसमें इसबगोल का छिलका, सेब, ओनब्रैन और दालें खाएं. इनसॉल्युबल में संपूर्ण अनाज, ब्रोकली, सूखे मेवे, सीडज और वेजीटेबल स्किन शामिल होते हैं. फाइबर कई गंभीर बीमारियों से रक्षा करता है. फाइबर अपच सिंड्रोम में भी मदद करता है.
- उचित मात्रा में पानी पीने से ऊर्जा, मानसिक स्पष्टता और बेहतर पाचन बना रहता है. अपने दिन की शुरुआत नाश्ते से पहले आधा लीटर पानी पीकर करें और हर घंटे बाद उचित मात्रा में पानी पीते रहें.
- कच्चे फल, सब्जियां, अंकुरित अनाज, सूखे मेवे, बीज और ताजा जड़ी बूटियां अपने आहार में शामिल करें. कच्चे आहार एनजाइम, विटामिन और रोग प्रतिरोधक एंटीऑक्सीडेंट प्रदान करते हैं.
- खूब धूप सेकें. 80 से 90 प्रतिशत लोग विटामिन-डी की कमी से पीड़ित हैं जो सर्दी के अवसाद, जोड़ों के दर्द, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी का कारण बनता है. इससे सर्दियों में काफी धूप लें.
- अच्छे भोजन में सात रंग और 6 स्वाद शामिल होते हैं. लाल सेब लाइकोपीन, हरी पत्तेदार सब्जियों और फलों में बी-कॉम्पलेक्स और नारंगी वस्तुओं से विटामिन-सी मिलता है. इसी तरह मीठे, कसैले और नमकीन स्वाद वजन बढ़ाते हैं, तीखे, खट्टे और कड़वे स्वाद वजन कम करते हैं.
- धूम्रपान छोड़ें! धूम्रपान वालों में अस्थमा और सांस की बीमारियां सर्दियों में आम हो जाती हैं, जो दिल के दौरे का खतरा भी बढ़ाती हैं.

सेहत और स्टाइल का रखें ख्याल,

# सर्दियों में इस तरह पहनें साड़ी

**सर्दियों में साड़ी के साथ सही कपड़ों का चुनाव आपको गर्म रखने के साथ ही स्टाइलिश लुक भी देता है. विनीत साड़ीज के निदेशक विनीत छज्जर ने इस संबंध में कुछ सुझाव दिए हैं:**



साड़ी के साथ समान रंग के या अलग रंग के लंबे जैकेट, नेहरू जैकेट, मखमल या सिल्क के जैकेट आपको अलग लुक देने के साथ गर्म भी रखेंगे. जैकेट खरीदने के पहले कपड़े को परखना नहीं भूलें क्योंकि सर्दियों में गर्म रखने वाले कपड़े जरूरी हैं.

साड़ी के साथ स्कार्फ नहीं पहनें, क्योंकि इससे आपका पल्लू छिप जाता है, बल्कि आप स्कार्फ की तरह गर्दन पर पल्लू लपेटें. इससे आप और सुंदर लगेंगी. साड़ी के साथ जूती पहनें इससे आपके पैर गर्म भी रहेंगे और आप स्टाइलिश भी लगेंगी. पेटीकोट के बजाय लेगिंग्स या पैंट्स के साथ साड़ी लपेटें. इससे आपको गर्माहट मिलेगी. ब्लाउज की बजाय स्वेटर पहनें. यह कोई नया चलन नहीं है. फिटिंग स्वेटर पहनने से आपको गर्माहट भी मिलेगी और आप अच्छी भी दिखेंगी. आप पोलो नेक स्वेटर या केप भी पहन सकती हैं.

# ऑफिस में दिखना है स्टाइलिश, तो लाएं अपनी ड्रेसिंग सेंस में ये चेंज

**ऑफिस में हमेशा फिट और उचित कपड़े पहनकर ही जाना चाहिए ताकि आप प्रभावी और आकर्षक नजर आएं और आपको उचित सम्मान भी मिले. स्टाइल डॉट इंक इमेज कंसल्टिंग की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेहा भार्गव ने ऑफिस (कार्यालय) में पहने जाने वाले कपड़ों व एक्सेसरीज के संबंध में कुछ सुझाव दिए हैं जो इस प्रकार हैं :**



- ऑफिस में हमेशा उचित और सहज कपड़े ही पहनें, लेकिन यह समय के मुताबिक, ट्रेंडी यानी चलन में होना चाहिए. पेंसिल स्कर्ट और ए-लाइन स्कर्ट ऑफिस के लिए उपयुक्त परिधानों में से एक हैं. आप फार्मल शर्ट को ब्लेजर या कार्डिगन (सर्दियों में) के साथ में पहन सकती हैं. सप्ताहांत में जींस भी पहन सकती हैं. काले, नेवी ब्लू रंग के जींस या ट्राउजर का चुनाव कर सकती हैं.

ज्यादा प्रिंट वाले कपड़े, रंगीन या पैटर्न वाले भड़कीले कपड़े ऑफिस में नहीं पहने. ज्यादा टाइट और ढीले कपड़े भी नहीं पहनने चाहिए.

- ऑफिस में ज्यादा भड़कीले आभूषण पहनने से बचें. कान में छोटा और साधारण ईयररिंग पहनें. नेकलेस (हार) पहनने की जरूरत नहीं है. अगर पहनना ही है तो सिंगल-स्ट्रैंड नेकलेस का चुनाव कीजिए. ऑफिस में मोती के आभूषण पहनना उचित है और ये जंचते भी हैं.
- ऑफिस में मीडियम आकार का चमड़े का बैग ले जाना चाहिए. काले या भूरे रंगों के हैंड बैग या क्लच बैग खरीदें, जिससे दाग-धब्बे आदि नजर नहीं आए. आसानी से बंद और खुल जाने वाला छोटा पर्स भी ऑफिस के लिए उपयुक्त है.
- फ्लैट या हील दोनों प्रकार के स्लीपर या जूते ऑफिस में पहने जा सकते हैं, लेकिन एक कामकाजी महिला नजर आने के लिए काले रंग के जूते और बंद पंजे वाली बैली, जिसमें आपकी पैरों की अंगुलियां नहीं दिखें, आपके पास जरूर होनी चाहिए.
- नाखून साफ होने चाहिए और ज्यादा बढ़े नहीं होने चाहिए. नाखून पर असामान्य या भड़कीली सजावट नहीं करें. उचित रंग की नेल पॉलिश लगाएं.

# रखें अपनी कार का खास ख्याल



**ठंड का मौसम शुरू हो चुका है। सर्दी के मौसम का असर आपकी कार पर भी पड़ता है। इस मौसम की वजह से आपकी कार में कई तरह की छोटी-बड़ी समस्याएं आ सकती हैं। ऐसे में किसी भी तरह की असुविधा से बचने का आसान उपाय है, थोड़ी सी तैयारी। अगर आप अपनी गाड़ी से करते हैं प्यार तो आपके लिए हैं कुछ टिप्स, जिनसे आप सर्दी के मौसम में रख सकते हैं गाड़ी का खास ख्याल...**

### गाड़ी को बेरंग होने से बचाना

जैसे सर्दी में आपके शरीर और हाथों को जैकेट या किसी कवर की जरूरत होती है, उसी तरह आपकी गाड़ी को भी होती है। अपनी गाड़ी के पेंट को ओस वगैरह से खराब होने से बचाने के लिए आप उस पर पॉलीमर वैक्स लगा सकते हैं, इससे पेंट के ऊपर एक तरह की कोटिंग बन जाती है।

### पेट्रोल की टंकी रखें फुल

सर्दी के मौसम में पेट्रोल की टंकी फुल रखने से आपकी गाड़ी कभी बीच में बंद नहीं पड़ेगी। दरअसल फ्यूल पंप में ठंड की वजह से पानी जमा हो जाता है, लेकिन पर्याप्त ईंधन उपयुक्त गर्मी बनाए रखता है और ऐसे में आप गाड़ी के ठंड पड़ जाने की समस्या से बच जाते हैं।

### कूलैंट गाड़ी को रखता है गर्म

आपकी गाड़ी में इंजन एरिया में ही कूलैंट का एक बॉक्स होता है। कूलैंट सिर्फ आपकी गाड़ी को गर्मी से बचाने का नहीं बल्कि सर्दी के मौसम में ठंड से बचाने का काम भी करता है। कई कार विशेषज्ञ मानते हैं कि सर्दी के मौसम में गाड़ी के रेडियेटर्स में कूलैंट और पानी को आधे-आधे के अनुपात में रखना चाहिए, इससे इंजन का उपयुक्त फ्रीजिंग पॉइंट बना रहता है।

### गाड़ी की लाइट्स को रखें दुरुस्त

सर्दी के मौसम में बेहद आम समस्या है धुंध और लो विजिबिलिटी की। इससे बचने के लिए आप को अपनी गाड़ी की सभी लाइट्स को दुरुस्त रखने की जरूरत होती है। खासकर हेड लाइट्स और फॉग लाइट। खराब रोशनी या फिर हेड लाइट्स का ऐंगल गलत होने की वजह से आपको गाड़ी चलाने में काफी दिक्कत पेश आ सकती है और आप दुर्घटना का भी शिकार हो सकते हैं।

### बैटरी

गर्मी की अपेक्षा सर्दी के मौसम में आपकी कार की बैटरी का परफॉर्मेंस काफी गिर जाता है। इसलिए अगर आपकी बैटरी पहले से थोड़ी कमजोर हो और आप किसी तरह गर्मी के मौसम में उससे काम चला रहे हों तो फिर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि सर्दी के मौसम बैटरी का प्रदर्शन गिरना तय है।

Hero
Authorised Dealer
KGN HERO
9907999822, 7974074371
Junwani Road, Near By Falaknuma Masjid, Kohka, Bhilai, E-Mail:kgnhero06@gmail.com

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### चाईल्डफन्ड इंडिया ने मनाया बाल अधिकार सप्ताह

**जगदलपुर।** बस्तर चाईल्ड डेवलपमेंट प्रोग्राम चाईल्डफन्ड इंडिया के द्वारा आज बाल अधिकार सप्ताह ग्राम हल्बा कचोरा सामुदायिक भवन में मनाया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना के 20 गांवों से लगभग 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। इन बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया, जिसमें शिक्षा, बाल अधिकार, बाल मजदूरी थीम बेस्ड नृत्य किया गया। साथ ही बस्तरीया आदिवासी नृत्य के साथ, बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण पर भाषण की भी प्रस्तुति दी गई। उक्त जानकारी फील्ड कोआर्डिनेटर रूपेन्द्र देवदास ने विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी गरूण मिश्रा, चाईल्ड लाईन अधिकारी नारायण पंत, संकुल समन्वयक समीर दानी, हलबा कचोरा के शिक्षक सिद्धु, एवं परियोजना के स्कूलों के शिक्षकगण भी मौजूद थे। गरूण मिश्रा ने बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया, साथ ही शिक्षा के अधिकारों से संबंधित जानकारी भी दी। नारायण पंत, चाईल्ड लाईन अधिकारी ने बच्चों को चाईल्ड लाईन नंबर 1098 के बारे में विस्तार से बताया।

### छत्तीसगढ़ फैशन शो में मिस छत्तीसगढ़ का खिताब यशस्विनी रेड्डी को मिला

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रथम पुरस्कार समाजसेवी सोशल वर्क प्रशांत कुमार शिरसागर संतोष पाराशर ब्रह्मानंद राव राजीव ठाकरे मोहन तहिलयानी गजानंद गुरव संजय वर्मा प्रीति रंजन दास वीरेंद्र सिंह संदीप नेमा सहपाठी स्कूल सेक्टर वन प्रथम स्थान आने पर भिलाई स्टील सिटी का नाम रोशन और गर्व की बात है बधाई शुभकामनाएं। छत्तीसगढ़ में मिस एवं मिसेज छत्तीसगढ़ फैशन शो दिनांक 16 से 18 तारीख तक जेके फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया तकरीबन 40 लोगो ने विभन्न स्थानों से रायपुर में होटल ट्राइटन में आए एवं विभिन्न आयु वर्ग के माध्यम से भाग लिया जिसमें मिस छत्तीसगढ़ की यशस्विनी रेड्डी पिता के सुधाकर रेड्डी जो की मैत्रिनगर वार्ड 27 की रहने वाली बच्ची ने पहला स्थान प्राप्त किया एवम मिसेज छत्तीसगढ़ में श्रीमती प्रियंका कुशवाहा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया इसी तरह बाकी लोगो ने अलग अलग प्रतिस्पर्धा में अनेकों इनाम जीते।

### 41वें आईआईटीएफमें खादी इंडिया पवेलियन में विदेशी राजदूतों को आकर्षित करती खादी की वैश्विक लोकप्रियता

# ओमान और थाईलैंड के राजदूतों ने खादी उत्पादों की विविधता को सराहा

श्रीकंचनपथ न्यूज

नई दिल्ली (पीआईबी)। खादी की बढ़ती वैश्विक लोकप्रियता ने भारत में थाईलैंड की राजदूत सुश्री पट्टारत होंगटोंग, और भारत में ओमान के राजदूत इस्सा अलशिबानी, जिन्होंने 41वें भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला-2022 में खादी इंडिया पवेलियन का दौरा किया।



राजदूतों ने खादी की बढ़ती हुई वैश्विक लोकप्रियता की सराहना की और खादी मंडप में सेल्फी पॉइंट पर महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चित्रों के साथ सेल्फी ली। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के निदेशक (प्रचार) श्री संजीव पोसवाल ने उनका स्वागत किया। दोनों राजदूतों ने खादी इंडिया पवेलियन में उत्पादों की व्यापक विविधता और खादी कारीगरों की उत्कृष्ट शिल्प कौशल की सराहना की।

राजदूतों ने चरखे पर सूत कताई, मिट्टी के बर्तन बनाने, अगरबत्ती और हस्तनिर्मित कागज बनाने का लाइव प्रदर्शन देखा, साथ ही उन्होंने बेहतरीन दस्तकारी खादी कपड़े, रेडीमेड वस्त्र, हस्तनिर्मित आभूषण, हर्बल स्वास्थ्य देखभाल उत्पादों और कई ग्रामोद्योग उत्पादों के अन्य स्टालों का भी दौरा किया।

थाई राजदूत ने कहा, मैं खादी और ग्रामोद्योग आयोग को आईआईटीएफ में इतना भव्य खादी इंडिया पवेलियन स्थापित करने के लिए बधाई देती हूं जिसने खादी कारीगरों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक बड़ा मंच दिया है। खादी भारत और थाईलैंड के बीच एक विशेष संबंध बनाता है और दोनों देश दुनिया भर में खादी को बढ़ावा देने के लिए एक साथ आने के तरीकों पर काम करेंगे। रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने भी दौरा किया खादी पवेलियन में रांची के सांसद श्री संजय सेठ ने दौरा कर खादी उत्पादों को देखा और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी भी क्लिक की।

# बच्चों ने साकार किया डॉ द्विवेदी का सपना, आत्मकथा का हुआ विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं स्वामी विवेकानंद कुष्ठ मुक्त आश्रम के संस्थापक डॉ मिथिलाशरण द्विवेदी की आत्मकथा का आज विमोचन हो गया. उनकी इस इच्छा को उनके बच्चों अशोक, अरुण, अर्चना और आराधना ने पूरा किया. 86 वर्षीय डॉ द्विवेदी इस अवसर पर ऊर्जा से भरपूर नजर आए. अंचल के लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार, राजनेता, भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी एवं अनन्य सहयोगी इस मौके पर मंचासीन थे.**



डॉ एमएस द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि ईश्वर ने जीवन में सबकुछ दिया. संघर्ष दिया तो उपलब्धियां भी दीं. महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर उन्होंने कुष्ठमुक्त जनों की सेवा का बीड़ा उठाया. राजनीति में आने का अवसर मिला तो उस जिम्मेदारी को भी भरपूर ईमानदारी से निभाने की कोशिश की. उन्होंने कि आज मंच पर प्रो. डॉ डीएन शर्माजी की कमी खल रही है जो अस्वस्थ होने के कारण कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए. डॉ शर्मा उनकी यात्रा के करीबी साक्षी रहे हैं. कार्यक्षेत्र से लेकर आत्मकथा लेखन तक में भी उनकी बड़ी भूमिका रही है. इससे पहले भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि वरिष्ठ जनों के जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है. उन्होंने अब तक डाक्टर साहब को दूर से देखा है. पुस्तक से उन्हें करीब से जानने का मौका मिलेगा. वे कोशिश करेंगे कि डॉक्टर साहब के जीवन मूल्यों को आत्मसात कर सकें. भिलाई इस्पात संयंत्र से अवकाश प्राप्त अधिकारी बीएमके बाजपेयी ने कहा कि विदेशों में आत्मकथा लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या होती है. लोग उनकी जीवनी से प्रेरणा लेते हैं. उनके अनुभवों का लाभ लेते हैं. यदि सबकुछ स्वयं करके देखना पड़े तो जीवन बार-बार लौटकर स्टार्टिंग पाइंट पर आ जाएगा.

वरिष्ठ शिक्षाविद डॉ हरिनारायण दुबे ने इस अवसर पर डॉक्टर साहब से अपने आत्मीय संबंधों की चर्चा की. उन्होंने कहा कि संघर्ष के बावजूद उन्होंने अपने जीवन मूल्यों को कभी नहीं छोड़ा. उनकी आत्मकथा नई पीढ़ी का मार्गदर्शन करेगी. अविभाजित मध्यप्रदेश में मंत्री रहे बीडी कुरैशी ने कहा पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि वे सद्भावना की मिसाल थे. राजनीति में आने वाले नवयुवक उनके जीवन से प्रेरणा ले सकते हैं.

भिलाई की प्रथम महापौर नीता लोधी ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर साहब के आशीर्वाद से अनेक लोग राजनीति में आए. वे स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हैं कि ऐसे नेतृत्व का उन्हें भी आशीर्वाद प्राप्त होता रहा.

पुस्तक पर चर्चा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार रवि श्रीवास्तव ने पुस्तक के विभिन्न अंशों को उद्धृत करते हुए कहा कि इस आत्मकथा में कई ऐसे रोचक किस्सें हैं जिन्हें बड़े चाव से पढ़ा जा सकता है. इसमें भूतों का डर है, कुख्यात डाकुओं का इलाज है, बिन मां के बच्चे की एक मर्मस्पर्शी कहानी है, गांव से निकल कर भिलाई तक पहुंचने और फिर यहां अपनी जमीन तैयार करने का संघर्ष भी है.बख्शी सृजन पीठ के अध्यक्ष ललित वर्मा ने इस अवसर पर डाक्टर साहब से जुड़े अनेक मनोरंजक किस्से सुनाए. बीएसपी जनसम्पर्क विभाग के अपने कार्यकाल को याद करते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टर साहब जैसा निर्भीक, निष्पक्ष, संवेदनशील और स्पष्टवादी पत्रकार उन्होंने दूसरा नहीं देखा. मंच पर राम मिलन दुबे भी उपस्थित थे. वरिष्ठ जननेता वशिष्ठ नारायण मिश्र ने डॉ द्विवेदी को एक प्रकाश स्तंभ की संज्ञा देते हुए कहा कि उनके सान्निध्य में राजनीति में काफी कुछ सीखने को मिला. उन दिनों की भिलाई की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि डॉ द्विवेदी की पुस्तक भिलाई की पहली पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती है।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का होगा शुभारंभ...

## 14 विधाओं में जिला स्तर पर कुल 944 प्रतिभागी भाग लेंगे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया ।** युवाओं को शारीरिक और मानसिक रुप से मजबूत बनाए रखने के साथ ही अपने अंचल की परंपरागत खेलों के संरक्षण के लिए छत्तीसगढ़ शासन ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरुआत की है और इस प्रतियोगिता में लोगों का अपार उत्साह देखने को मिल रहा है। जिले में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में क्लब, जोन और विकासखंड स्तरीय ओलंपिक के आयोजन के बाद अब 21 से 26 नवंबर जिला स्तरीय खेलों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला खेल अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल खरवत में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ओलंपिक में निर्धारित 14 विधाओं में जिला स्तर पर कुल 944 प्रतिभागी भाग लेंगे। हर विधा में लगभग 3 टीम में मुकाबला होगा। हर दिन 3 से 4 खेलों का आयोजन होगा। जिसमें विजेताओं का चयन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने, उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और खेल भावना का विकास करने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 का आयोजन किया जा रहा है। 'छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक' गांव से लेकर राज्य स्तर तक 6 जनवरी 2023 तक चलेगा।

### राज्यपाल टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव विश्वरंग - 2022 के समापन समारोह में हुई शामिल

# विश्वरंग के माध्यम से भारतीय पारंपरिक कला और संस्कृति का संरक्षण होगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके आज अपने भोपाल प्रवास के दौरान रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित टैगोर अंतर्राष्ट्रीय साहित्य एवं कला महोत्सव 'विश्वरंग 2022' के समापन समारोह में शामिल हुई। महोत्सव में राज्यपाल को टैगोर विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने कविता संग्रह 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' और बाल कविता कोश, विज्ञान कथाकोश पुस्तक तथा वनमाली कथा पत्रिका के नए अंक भेंट किये।



राज्यपाल सुश्री उइके ने विश्वरंग के समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस प्रतिष्ठित आयोजन के लिए विश्वरंग-2022 की पूरी टीम को साधुवाद दिया। उन्होंने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में (पूर्व विधानसभा परिसर) अपने विधानसभा सदस्य रहते हुए बिताए पलों का भी स्मरण किया।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि महोत्सव में पद्म पुरस्कार, साहित्य अकादमी विजेताओं सहित विश्व के कवि, लेखक, कलाकारों, कला, साहित्य के विद्यार्थियों और गणमान्य नागरिकों का संगम हुआ है, जो निश्चित ही आधुनिक समाज को जीवन में साहित्य की प्रासंगिकता को समझाने का बेहतर अवसर उपलब्ध कराएगा। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आज डिजिटल दुनिया की चकाचौंध ने युवा पीढ़ी सहित्य से दूर किया है। उन्होंने कविगुरू श्री रविंद्रनाथ टैगोर को याद करते हुए कहा कि वे बहु आयामी प्रतिभा के धनी थे और गद्य, पद्य, संगीत, चित्रकला, नृत्य जैसी अनेक विद्याओं में पारंगत थे। हमारी सनातन संस्कृति और गुरूदेव की चिंतन धारा एक ही रही है। टैगोर की रचनाओं को पूरे विश्व में विभिन्न भाषाओं में पढ़ा गया है। यह प्रसन्नता का विषय है कि आज उनके नाम पर साहित्य और कला महोत्सव मनाने के लिए हम एकत्रित हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह गौरव का विषय है कि विश्व रंग में हमारे प्रवासी भारतीयों के साथ-साथ विश्व के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफसर और विद्यार्थियों की भी सहभागिता रही है। इस वर्ष भी नीदरलैंड, रूस, फिजी, श्रीलंका, कनाडा, उज्बेकिस्तान, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया जैसे 35 देशों के प्रतिनिधि विश्वरंग महोत्सव में शामिल हुए हैं। राज्यपाल ने आगे कहा कि साहित्य किसी भी देश के जीवन, इतिहास, और संस्कृति का संपूर्ण भाग है। विश्व के विभिन्न देशों की एकजुटता और उसकी भावनाओं की एकरूपता में कला और साहित्य की बड़ी भूमिका है।

भारतीय साहित्य ने हमेशा भाषाओं की विविधता का पालन -पोषण किया है। राज्यपाल सुश्री उइके ने महोत्सव की प्रमुख भाषा के रूप में हिंदी को मिले सम्मान पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीकों में भाषा का प्रमुख स्थान है। हमारी सभ्यता ने हमेशा बौद्धिक स्वतंत्रता को अपनाया है और सांस्कृतिक बहुलवाद का उत्सव मनाया है। विश्वरंग हिन्दी और भारतीय भाषाओं का भव्य उत्सव है। विश्वरंग का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की संकल्पना के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे लाखों युवाओं को मातृभाषा में शिक्षा मिल पाएगी। मेडिकल और तकनीकी जैसे विषयों की हिंदी में पढ़ाई प्रारंभ करने की पहल को भी उन्होंने सराहा।

# समाज के जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों का करें पालन - सुन्दरराज पी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर शौर्य भवन में रविवार को बाल सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। पुलिस प्रशासन द्वारा 14 नवंबर से 20 नवंबर तक आयोजित किए बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान संबधित थाना क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थाओं और छात्रावास में जाकर पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बाल सुरक्षा कानून की जानकारी देकर जागरूक किया गया। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने समापन अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों को समाज में अच्छा और जिम्मेदार नागरिक बनकर अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होकर कार्य करने की समझाइश दिया।



बाल सुरक्षा सप्ताह 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक आयोजित किया गया। इस दौरान जिले के संबधित थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारियों ने स्कूल और छात्रावास में जाकर गुड टच बैड टच, पॉक्सो कानून, बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों, मोबाइल इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताकर बच्चों को जागरूक किया गया। बाल सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर बच्चों के लिए निबंध, पेंटिंग, गायन तथा नुक्कड़ प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। बाल सुरक्षा सप्ताह के समापन के दौरान उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल, नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, एसडीओपी घनश्याम कामड़े, उप पुलिस अधीक्षक अपूर्वा सिंह क्षत्रिय, नासिर बाठी, गीतिका साहू एवं पुलिस के अन्य अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

# पुलिस कोऑर्डिनेशन सेंटर शौर्य भवन में सुरक्षा सप्ताह सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** जगदलपुर 14 से 20 तक आयोजित किए जा रहे बाल सुरक्षा सप्ताह का समापन किया गया। बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान 14 नवंबर को कार्यक्रम की शुरुवात की गई।पूरे सप्ताह सभी थाना क्षेत्रों में शैक्षणिक संस्थाओं,सार्वजनिक स्थानों ,छात्रावास में जाकर गुड टच बैड टच,पॉक्सो कानून,बाल विवाह,बाल श्रम ,बाल तस्करी, नशे से होने वाले दुष्प्रभावों ,मोबाइल इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे में बताकर बच्चों को जागरूक किया गया। बाल सुरक्षा सप्ताह के दौरान बच्चों को थाना भ्रमण करवाया गया एवम् उन्हे पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। बाल सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर बच्चों के लिए निबंध , पेंटिंग, गायन तथा नुक्कड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेताओं को समापन के अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुंदरराज पी. द्वारा पुरस्कृत किया गया। बाल सुरक्षा सप्ताह के समापन अवसर में पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज सुंदरराज पी., उप पुलिस महानिरीक्षक एवम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह मीणा ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पॉल, नगर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार,एसडीओपी घनश्याम कामड़े, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री अपूर्वा सिंह क्षत्रिय, प्रतियोगिता में भाग लिए बच्चे, शासकीय, गैर शासकीय संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### व्यवसायी से मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**थान खम्हरिया।** नगर के जय स्तंभ चौक पर शनिवार को नशे में धुत चार युवकों ने एक व्यवसायी की बेल्ट से पिटाई कर दी गई। यही नहीं, उस पर ब्लेड से भी हमला किया, जिससे व्यवसायी घायल हो गया है। मामले में पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर चारों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

आरोपी शेष नारायण पिता योगेश मिश्रा (21) निवासी वार्ड- 3, किशन उर्फ पाव पिता रामेश्वर वर्मा (21) निवासी ग्राम कुरदा, आशिक खान पिता शकील खान (20) निवासी वार्ड- 13 थान खम्हरिया और रोशन पिता डोंगरी यादव (19) वार्ड- 15 थान खम्हरिया का रहने वाला है। पीड़ित व्यवसायी उज्ज्वल जैन एक मोबाइल दुकान पर पेमेंट के लिए जा रहा था। तभी आरोपियों ने बदसलूकी की। विरोध करने पर बेल्ट से मारपीट किया और ब्लेड से हमला कर दिया। उज्जवल का पैर फेक्कर हो गया है।

### थानों में चली कॉम्बिंग गश्त, अलग-अलग थानों में पुलिस ने पकड़े 48 वारंटी

**भिलाई।** दुर्ग जिले के छावनी अनुभाग द्वारा संबंधित थानों में बीती राज कॉम्बिंग गश्त चलाई गई। सीएसपी छावनी प्रभात कुमार के निर्देश पर अनुविभाग के पांचों थानों में दल बल के साथ 24 घंटे चला कांबिंग गश्त हुई। रातों रात 55 वारंट तामिल कर 48 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया । इनमें 27 गिरफ्तारी के साथ थाना छावनी का कार्य सबसे सराहनीय रहा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव ने टीआई मोनिका पांडे और छावनी थाना टीम को बधाई दी है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 55 वारंट तामिल किया गया। जिसमें स्थायी वारंट में 41गिरफ्तारी के साथ कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### जमीन विवाद में छोटे भाई ने की बड़े भाई की हत्या

**गौरेला।** थाना क्षेत्र की है, जहां के केंवची गांव के बैगा पारा में जमीन विवाद को लेकर 55 साल के बड़े भाई की छोटे भाई ने हत्या कर दी है। घासीराम बैगा और उसका भाई सेम लाल बैगा दोनों शनिवार रात एक साथ शराब पी रहे थे, उसी दौरान खेती की जमीन को लेकर दोनों में विवाद हो गया। विवाद अधिक होने के चलते बड़े भाई घासीराम ने छोटे भाई को समझाना चाहा। बात बढ़ने पर उसने छोटे भाई सेमलाल को एक थप्पड़ मार दिया। इसी से नाराज छोटे भाई सेमलाल बैगा ने एक मोटे लकड़ी से घासीराम के सिर पर जोरदार वार किया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद सेमलाल वहां से भाग खड़ा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही गौरेला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी के ठिकाने पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### छत्तीसगढ़ में अब तक के सबसे बड़े ट्रक चोर गैंग का पर्दाफाश

# 5 करोड़ के 20 ट्रक जब्त, गैंग ने हेराफेरी कर 200 से ज्यादा ट्रकों बेचा, 6 आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रायपुर की खमतराई पुलिस ने सबसे बड़े ट्रक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक मास्टरमाइंड समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। करीब 5 करोड़ रुपए के 20 ट्रक जब्त किए गए हैं। जांच में पता चला है कि दूसरे राज्यों से ट्रकों को चोरी कर या लीज पर लाया जाता था। फिर फर्जी कागजात बनाकर बेच दिया जाता था।**



मऊ यूपी निवासी अनुज कुमार सिंह की शिकायत के बाद इस मामले का खुलासा हो पाया। पीड़ित ने थाना खमतराई में एफआईआर दर्ज कराया। उसके मुताबिक 15 अक्टूबर को पटना बिहार का रहने वाला नागेंद्र कुमार सिन्हा ने अनुज सिंह से 80 हजार रुपए महीने में ट्रक किराये से लिया था।

14 नवम्बर को शेख मकसूद ने पीड़ित को फोन किया और कहा उसका ट्रक भनपुरी में स्थित ट्रक गैरेज के मालिक उपेंद्र शर्मा ने उसे बेचने के लिए दिखाया है। शेख मकसूद ने जब गैरेज के मालिक से ट्रक के कागजात मांगे तो वह आनाकानी करने लगा जिससे शेख ने ट्रक के चेचिस नंबर से वास्तविक ट्रक मालिक अनुज का नम्बर निकाल कर उससे संपर्क किया।

अनुज सिंह ने रायपुर पंहुच कर भनपुरी के ट्रक यार्ड में जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। टाटा कंपनी के क्क रजिस्टर्ड ट्रक को डेंटिंग पेंटिंग कर उसका हुलिया बदल दिया गया था। साथ ही पीछे की ट्रॉली को भी आधा काटकर नंबर प्लेट भी चेंज कर दिया गया था। उसमें ट्रक के चक्के, केबिन और रेडियम जैसे चीजों से अपनी गाड़ी को पहचान लिया। यार्ड मालिक उपेंद्र शर्मा ने बताया कि उसने गाड़ी को अशोक अग्रवाल, सुब्बू काजी उर्फसोनू खान से खरीदा है। फिर मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस ने उपेंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो परतें खुलती गईं। आरोपी अशोक अग्रवाल और सोनू खान अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की ट्रकों को लाते थे और फिर आरटीओ एजेंट की मिलीभगत से फर्जी पेपर तैयार करवाते थे। फिर ट्रकों का रजिस्ट्रेशन छत्तीसगढ़ करवा लेते।

दूसरे राज्यों के ट्रकों को छत्तीसगढ़ में पूर्व क्र्रञ्जह्र एजेंट अशोक अग्रवाल के माध्यम से पेपर तैयार कर बेचा जाता। इस कारोबार में 6 चक्का से लेकर 14 चक्का तक के ट्रक को वो टारगेट बनाते थे। फिर उस ट्रक को कम दामों में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को बेचकर लाभ कमाया जाता था। आरोपी इन ट्रकों को मुज्जफ्फरपुर (बिहार),उत्तरप्रदेश के कई बड़े ट्रांसपोर्टरों और दलालों के माध्यम से खरीदते थे।

#### चेचिस नंबर बदल कर बेच देते थे ट्रक

चोरी और लीज की इन ट्रकों के चेचिस नंबर को बदलने के लिए एक्सपर्ट लोगों की मदद ली जाती थी। ट्रक के बाहरी हुलिये को भी पूरी तरह बदल दिया जाता था। कई ट्रकों को नागालैंड, अरुणाचल, बिहार के आरटीओ एजेंट के सहायता से फर्जी पेपर बनाकर भी बेचा गया। पुलिस ने इस पूरे मामले में कई टीमें बनाकर दूसरे राज्यों में भी भेजी, जिसमें आरोपी मास्टरमाइंड सत्येंद्र सिंह (42) राजेश यदु (40) को भी पकड़ा गया। आरोपियों के बताए अनुसार अबतक 20 ट्रकों को जब्त किया गया है। जिसकी कीमत 5 करोड़ 20 लाख से भी अधिक है। इस मामले में एक अन्य प्रमुख आरोपी नागेंद्र सिन्हा फरार है।

# सीजी के आश्रम से 4 छात्राएं गायबः 7 दिनों से हैं लापता



श्रीकंचनपथ न्यूज

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ में नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में स्थित एक आदर्श आश्रम की 4 छात्राएं लापता हैं। ये बच्चियां पिछले 7 दिनों से लापता है। फ्लिहाल ये कहां गईं हैं इसकी जानकारी न तो इनके परिजनों को है और न ही अन्य किसी जिम्मेदार अधिकारी को।

शिकायत के बाद छात्राओं को ढूंढने का प्रयास जारी है। बताया जा रहा है कि, जिस इलाके में आश्रम है वह नक्सलियों का गढ़ है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि नक्सली भी छात्राओं को अपने साथ ले जा सकते हैं। मामला ओरछा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, ओरछा के आदर्श कन्या आश्रम शाला की तीन और एकलव्य ओरछा की 1 छात्रा गायब है। ये सभी छात्राएं पिछले रविवार को आश्रम से कहां चली गईं, फ्लिहाल इसकी जानकारी आश्रम अधीक्षिका को भी नहीं है। सभी नाबालिग हैं। बताया जा रहा है कि, छात्राओं के परिजनों को इलाके के लोगों से उनके गायब होने की सूचना मिली थी। जिसके बाद परिजनों ने आश्रम अधीक्षिका पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

परिजनों ने बताया कि, उनकी बेटी मुस्कान कक्षा आठवीं में पढ़ाई करती है। उसकी सहेली ज्योति और प्रिया भी गायब हैं। वहीं कक्षा छठवीं में पढ़ने वाली छात्रा पूजा भी लापता है। परिजनों ने बताया कि, ये सभी घर नहीं लौटी हैं।

इस मामले के संबंध में ओरछा थाना में भी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। फिलहाल पुलिस आश्रम के सभी बच्चों अधीक्षक समेत जिम्मेदारों से पूछताछ कर रही है। अब तक छात्राओं का पता नहीं चल सका है। आदिम जाति कल्याण विभाग के सहायक आयुक्त संजय चंदेल के बताया कि, अधीक्षिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## मंदिर परिसर में फटा डेटोनेटर बच्चा गंभीर रूप से घायल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के नंदिनी क्षेत्र के हनुमान मंदिर परिसर में डेटोनेटर ब्लास्ट होने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बच्चे को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद नंदिनी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण दहशत में आ गए थे।

नंदिनी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा यहां के हरदी गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि अज्ञात लोगों के द्वारा मंदिर परिसर में अवैध रूप से डेटोनेटर और बैटरी रखा हुआ था। इसे हटाने के प्रयास में इसमें बड़ा ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की चपेट में आने से तरुण पटेल नाम का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बच्चे के हाथ व पांव बुरी तरह झुलस गए हैं।

#### ब्लास्ट से गांव में मचा हड़कंप

मंदिर परिसर में ब्लास्ट की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मचा गया। मौके पर ग्रामीण जमा हो गए। आनन फानन में घायल बच्चे को अहिवारा के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है तरूण पटेल मंदिर में दिया जलाने गया था। इस दौरान यह हादसा हुआ। फिलहाल बच्चे की हालत में सुधार है।

### जिम में आग से लाखों का सामान खाक.....

## पुलिस ने लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के जगदलपुर शहर में स्थित एक जिम में आग लग गई है। फ्लिहाल आग लगने का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। घंटों मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। लेकिन, अंदर रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया है। बताया जा रहा है कि, अंदर कुछ लोग फंसे थे, जिन्हें रेस्क्यू कर पुलिस ने बाहर निकाला है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, जगदलपुर शहर के पावर हाउस चौक में एक जिम स्थित है। यह जिम एक कॉमर्शियल बिल्डिंग के दूसरी मंजिल में संचालित था। इसी बिल्डिंग में एक गोदाम भी है। रविवार की दोपहर जिम बंद था। अचानक जिम के अंदर से धुआं उठने लगा। आस-पास में मौजूद लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। मौके पर जवान और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। बताया जा रहा है कि, जिम के पास स्थित गोदाम में कुछ लोग मौजूद थे। आग लगने के बाद वे लोग भी फंस गए थे। जिन्हें रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया। करीब एक से डेढ़ घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन, अंदर रखा सारा सामान जल कर नष्ट हो गया है। पुलिस का कहना है कि, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। कितने का सामान जला है इसकी जांच की जा रही है।

## लोहा के औजार बनवाने पहुंचे किसान धारदार हथियार से हत्या

**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही।** पिपरिया गांव के पड़खुरी में जहां लोहे का औजार बनवाने पहुंचे किसान पर लुहार ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे किसान की मौके पर ही मौत हो गई।

मलि जानकारी के अनुसार पिपरिया गांव का रहने वाला किसान बुधलाल मरकाम शनिवार को लुहार बहादुर के घर पहुंचा। जैसे ही वो आवाज देकर घर में घुसा, वैसे ही बहादुर ने उस पर धारदार टंगिया और रॉड लेकर हमला कर दिया। किसान बुधलाल को अपने बचाव का भी वक्त नहीं मिला। मौके पर ही तड़प-तड़पकर उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने डायल 108 और 112 पर फोन लगाया और मामले की जानकारी दी।

सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस की टीम मौके पर पहुंची और किसान को जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद से आरोपी लुहार ने खुद को घर के एक कमरे में बंद कर लिया, जिसे जैसे-तैसे निकाला गया। आरोपी ने पुलिस पर भी हमला करने की कोशिश की, जिससे आरक्षक को मामूली चोट लगी है। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षों से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

# पत्नी छोड़ गई तो महिला से बनाया संबंध, चरित्रशंका के चलते की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महिला की अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, पति की मौत के बाद पांच बच्चों की मां एक अधेड़ को दिल दे बैठी। इसके बाद से दोनों साथ रहने लगे। लेकिन, बीते दो साल से वह अधेड़ को छोड़कर अपने बच्चों के पास आ गई। ऐसे में अधेड़ प्रेमी ने उसके चरित्र पर शंका करने लगा। इसी के चलते उनके बीच झगड़ा हुआ और उसने स्कार्फ से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।



सरकंडा पुलिस को शनिवार की सुबह जानकारी मिली कि बहतराई रोड स्थित गीतांजलि सिटी के पीछे सड़क किनारे झाड़ियों के बीच महिला की लाश पड़ी है। खबर मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान करने का प्रयास किया गया। लेकिन, उसकी शिनाख्ति नहीं हो पाई। दोपहर में कुछ लोगों ने महिला की पहचान मुन्नी बाई केंवट के रूप में की। वह जबड़ापारा की रहने वाली थी और शर्मा विहार औश्र स्वर्णा विहार कॉलोनी के आसपास झाड़ू-पोंछा करने जाती थी।

महिला की लाश देखकर पुलिस शुरू से गला दबाकर हत्या की आशंका जता रही थी। लिहाजा, महिला के बच्चों सहित अन्य लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटा रही थी। इस दौरान पता चला कि महिला पांच बच्चों की मां थीं। करीब 10 साल पहले पति की मौत के बाद कोनी के बाम्बे आवास निवासी अजय कुमार गुप्ता (42) से उसकी जान पहचान हुई। अजय की पत्नी उसे छोड़कर चली गई। लिहाजा, उसने विधवा महिला से दोस्ती की और फिर दोनों एक-दूसरे को चाहने लगे। वह बच्चों से अलग अजय के साथ बतौर पत्नी रहने लगी थी। बाद में बच्चे बड़े हुए तब महिला को मना करने लगे। इसके चलते वह दो साल से अजय को छोड़कर बच्चों के साथ रहने लगी थी।

#### चरित्र पर शंका करने लगा था आरोपी, इसलिए मार डाला

सब इंस्पेक्टर बीआर सिन्हा ने बताया कि संदेही युवक अजय का नाम सामने आने के बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, तब पहले वह गुमराह करने लगा। सख्ती से पूछताछ में वह टूट गया। उसने महिला की हत्या करना स्वीकार करते हुए बताया कि वह दूसरे युवक से बात करती थी। आरोपी उसके चरित्र पर संदेह करने लगा था। शुक्रवार की देर शाम वह महिला से मिलने गया था। इस दौरान उसने उसे दूसरे युवक से बातचीत बंद कर अपने साथ रहने की जिद किया। लेकिन, महिला अपने बच्चों को छोड़कर रहने से मना कर दी। अजय गुस्से में आ गया और उसने पहले महिला को थप्पड़ मारा। फिर स्कार्फसे उसका गला घोंट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद वह उसका मोबाइल लेकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी अजय से महिला का मोबाइल बरामद किया है और उसे गिरफ्तार कर लिया है।


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में

All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles

Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000


माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### गीता जयन्ती व तुलसी पूजन यात्रा निकाली गई

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति व युवा सेवा संघ भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में संत श्री आसाराम जी बापू की सत्प्रेरणा से गीता जयन्ती और तुलसी पूजन यात्रा बैकुण्ठ धाम कैम्प 2 भिलाई से निकाली गई यह यात्रा को बैकुण्ठ धाम से निकाल कर शारदा पारा, कैम्प 2 घुमाये गए,इस यात्रा में बैकुण्ठ धाम कैम्प 2 के अलावा भिलाई दुर्ग के हरि ओम साधक परिवार की उपस्थिति थी,यात्रा में निषुल्क सत्संग सत्साहित्य ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका का निषुल्क वितरण किया गया,युवा सेवा संघ के शिवा साहू ने बताया गया कि श्रीमद भागवत गीता जयन्ती 3 दिसंबर को है सभी इस दिन भागवत गीता का पाठ पूजन अर्चन करे और 25 दिसंबर को तुलसी पूजन पूरे श्रद्धा भक्ति से करे, उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

### चौबे परिवार के 7 सदस्यों द्वारा देहदान की घोषणा

**दुर्ग।** गजानन नगर निवासी श्रीमती तारिणी चौबे की इच्छा थी की उनकी मृत्यु के बाद उनकी देह दान कर दी जाए किन्तु तकनीकी कारणों से परिवार उनके निधन के बाद उनका देहदान नहीं कर पाया और आज तारिणी चौबे की तेरहवीं के अवसर पर पुरे परिवार ने देहदान की घोषणा कर परिवार की मुखिया को श्रद्धांजलि दी तारिणी चौबे के पुत्र विजव चौबे,अजय चौबे,वधु दिव्या चौबे, पुत्री आशा तिवारी,दामाद जयंत तिवारी,देवर चंद्र शेखर चौबे व देवरानी निर्मला चौबे ने अपने देहदान की घोषणा कर वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया,उज्वल पींचा,हरमन दुलाई,रितेश जैन,यतीन्द्र चावड़ा,जितेंद्र करिया,प्रफुल जोशी को सौंपी बीएसपी कर्मी विजय चौबे ने कहा उनकी माँ के निधन से पूरा परिवार शोक में था व उनकी देहदान की इच्छा पूरी नहीं कर पाना सभी सदस्यों को चोट कर गई व पुरे परिवार ने देहदान का निर्णय लिया ताकि सभी के जाने के बाद उनकी देह मेडिकल के छात्रों की रिसर्च के काम आए व नेत्रों से दो लोगों को नई ज्योति मिल सके। नवदृष्टि फाउंडेशन के कुलवंत भाटिया ने कहा चौबे परिवार के 7 सदस्यों ने आज देहदान की घोषणा कर स्व तारिणी चौबे को सच्ची श्रद्धांजलि दी आशा है समाज चौबे परिवार के इस निर्णय से प्रेरणा लेगा व देहदान, नेत्रदान हेतु जागरूक होगा।

### स्वक्षता अभियान का 141 वां सप्ताह

**दुर्ग।** स्वक्षता अभियान का 141 वां सप्ताह एवं स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत आज पर्यावरण मित्र मण्डल एवं स्व : विनीत गुप्ता जी समूह के संयुक्त तत्वाधान मे विगत 3 सप्ताह से प्रत्येक रविवार फील परमार्थ वृद्धाश्रम प्रांगण में साफ-सफाई किया गया एवं ठीक सामने के चौक पर कटीले एवं अनुपयोगी तथा गाजर घास को काट कर चौक को दुर्घटना रहित बनाया गया । इस दौरान ना गंदगी करेंगे ना ,किसी और को करने देंगे जनजागरण का संकल्प लिया गया । इस स्वक्षता के आयोजन में सदस्यों में बालू राम वर्मा ,डी पी चौहारी,सिया राम कश्यप, एस के सेन,अमिताभ भट्टाचार्या , लखनलाल मलागर ,बिसेन सेन ,कैलास जोशी ,योगेश सहारे,एच चौबे ,सवराम एवं फील परमार्थ से श्री अमन कुमार नैय्यर उपस्तिथ थे स्वक्षता एवं पर्यावरण प्रेमी बालूराम वर्मा ने बताया कि भविष्य में लगातार जगह जगह पर ऐसे स्थानों को चिन्हित कर साफ़ सफाई एवं पर्यावरण से संबंधित नेक कार्य जारी रहेंगे ।

# कुछ हम झुकें, कुछ तुम झुको, बात बन जाएगी : संत ललित प्रभ जी

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पहले मकान छोटे होते थे पर दिल लोगों का बड़ा होता था आज मकान भले ही बड़े हो गए हैं लेकिन दिल अब छोटा रह गया है टूटते हुए रिश्तो में मिठास कैसे घोले कि रिश्ता स्वर्ग से सुंदर बन जाए जिस घर में माता पिता का सम्मान होता है माता-पिता को प्रणाम होता है वह घर हमेशा स्वर्ग से सुंदर होता है जिनको जिंदगी जीनी आती है वह परिवार को स्वर्ग बना लेते हैं स्वर्ग को पाने के लिए मरने की आवश्यकता नहीं होती है अच्छे पुरुषार्थ और सत्कर्म से परिवारिक एकता को साथ में लेकर चलने से परिवार स्वर्ग से सुंदर हो जाता है जब लोगों के मन छोटे होते हैं।



संकीर्ण मानसिकता के होते हैं तभी एक घर से दूसरे घर का निर्माण होता है घर का छोटा होना तो आज अलग होने का एक बहाना है हम एक नजर डालें तो पता चलेगा भाई भाई को लूटने वाला आज कहानी के रूप में महाभारत हमारे सामने है और भाई भाई के बीच में प्यार लुटाने वाले की कहानी जिसे हम रामायण के रूप में याद करते हैं सिर्फ मन को बड़ा रखने से ही घर एक मंदिर बन जाता है उक्त उद्गार संबोधी समवशरण में धर्म सभा को संबोधित करते हुए महा उपाध्याय संत श्री ललित प्रभ जी महाराज ने व्यक्त की बांदा तालाब स्थित संबोधी समवशरण में आज दिव्य सत्संग प्रवचन माला का आज दूसरा दिवस था श्री श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ के बैनर तले आयोजित दिव्य सत्संग सभा को रतन मुनि महाराज के सेवा भावी शिष्य श्री आदित्य मुनि जी ने कहा चिंता करने के लिए ढेर मौके हैं चिंतन के लिए समय निकालिए आपका जीवन समर जाएगा जीवन जीने की कला को अपनाएं और अपना जीवन सफल बनाएं

शांतिपुरी प्रिय महाराज ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा जीवन में दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती दुआ की दौलत का संग्रह जीवन पर्यंत करते रहे ऐसे पुरुषार्थ से ऐसे परोपकार से जीवन को सफल बनाया जा सकता है दिव्य सत्संग सभा के पाठ पर साध्वी लयस्मिता जी महाराज अपने साध्वी समुदाय के साथ विराजमान थी संत प्रवर श्री ललित प्रभु ने कहा जुड़े हुए को तोड़ने वाला कभी संत हो नहीं सकता टूटे हुए संघ को समाज को राष्ट्र को जोड़ने वाला व्यक्ति ही सही मायने में संत है पैसे कमा लेने से ही व्यक्ति बड़ा नहीं होता मन बड़ा होना चाहिए जीवन में सबसे बड़ा आदमी वह है जिसके घर पर देव तुल्य देव तुल्य मां बाप विराजमान है सभी अपने जीवन में इस बात का पूर्ण करें प्रण करें प्रतिदिन सुबह उठकर मात पिता को दंडवत मस्तक झुका कर प्रणाम करने की आदत डालें भले ही हम आज मोबाइल 4जी नेटवर्क का चला रहे हो पर यह नेटवर्क कभी भी फेल हो सकता है प्रभु गुरु माता पिता देव गुरु धर्म का का नेटवर्क जीवन पर्यंत बना रहता है यह नेटवर्क हर सुख दुख में आपके साथ आपके पास हमेशा खड़ा रहता है हमेशा अपनी कमाई का कम से कम 1जी हिस्सा धर्म कार्यों में माता पिता की सेवा में लगाना चाहिए या माता-पिता जहां कहें वहां उस राशि का सदुपयोग करना चाहिए जिससे देव गुरु धर्म की कृपा आप पर हमेशा बरसती रहेगी । संत प्रवर ने कहा किसी ने मुझसे पूछा कि जिन लोगों के घर में माँ-बाप का स्वर्गवास वृद्धाश्रम में होता है, उन्हें सूतक कितने दिनों का लगता है? मैंने कहा- जिस दिन से उनके माँ-बाप वृद्धाश्रम गए उसी दिन से उन्हें आजीवन सूतक लग जाता है, क्योंकि उन्होंने माँ-बाप को अपने हाथों से रोटी नहीं खिलाई। बूढ़े लोगों की उम्र कितनी होगी यह उपर वाला तय नहीं करता, यह घर के लोग तय किया करते हैं। जिस घर में बूढ़े माँ-बाप को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है, उसी का नाम नर्क है और जिस घर में बूढ़े माँ-बाप को पलकों पर बैठाया जाता है, उसी का नाम स्वर्ग है। सप्ताह में सात वार होते हैं

#### जिस घर में प्रेम वहां हर दिन ईद, दिवाली और होली

संतश्री ने कहा कि साल में एक बार होली-दिवाली, ईद आती है, पर जिस घर में सुबह उठकर भाई-भाई आपस में गले मिलते हैं उस घर में साल के 365 दिन ईद होती है। जहां देवरानियों-जेठानियां एक थाली में भोजन करती हैं, उस घर में साल में 365 दिन होली होती है। जिस घर में बहुएं रात को अपने बेडरूम में जाने से पहले अपनी दादी के पांव और कमर दबाने जाया करती है, वहां दिवाली साल में एक दिन नहीं होती साल के 365 दिया हुआ करती है। भगवान करे, ये ईद, दिवाली, होली जैसे पर्व हमारे घरों में हमेशा मनते रहें। अपने घरों में एक चीज की दौलत हमेशा बढ़ाओ और वह है प्रेम की दौलत

#### माँ-बाप उपहार में आए हुए चलते-फिरते भगवान

संतप्रवर ने कहा कि किस्मत वाले होते हैं जिनके घर में बड़े-बुजुर्गों का साया होता है। बूढ़ा पेड़ फल तो नहीं देता, छाया जरूर देता है। वे किस्मत वाले होते हैं, जिनके घरों में बुजुर्गों की छाया होती है। यह सही है कि परिवार में पत्नी भगवान दिया हुआ उपहार है, उसको खूब प्रेम दीजिए पर माँ-बाप उपहार में आए हुए भगवान हैं, उनकी खूब सेवा कीजिए। अगर संत कभी झूठ नहीं बोलते तो मैं यही कहूंगा कि वे किस्मत वाले होते हैं जिनके घर में माँ-बाप के रूप में जीते-जागते भगवान हैं सोमवार को सुबह 6:15 बजे संबोधि ध्यान योग क्लास का आयोजन होगा और सुबह 9 बजे बांधा तालाब में राष्ट्रसंत के अंतिम प्रवचन सत्संग होंगे। इस अवसर पर जीवन में सुख शांति समृद्धि बढ़ाने के लिए महा मांगलिक प्रदान की जाएगी। आज संत ललित प्रभ जी महाराज दोपहर को पारस तीर्थ नगपुरा मंदिर दर्शन के लिए रवाना हुए कल प्रातः पुनः उनका संबोधी समवशरण बांधा तालाब दुर्ग में अंतिम प्रवचन होगा दोपहर बाद राजनांदगांव के लिए विहार होगा।

भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हो रहे विभिन्न सामाजिक संगठन

## देश को जोड़ने राहुल गांधी जी का संदेश पहुंचेगा हर घर तकःवोरा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। ने**हरू जयंती से प्रारंभ की गई भारत जोड़ो यात्रा दुर्ग जिला कांग्रेस द्वारा आज वार्ड 32 ब्राम्हण पारा, मैथिल पारा ढीमर पारा में निकाली गई गांधी चौक राम मंदिर, से प्रारम्भ इस यात्रा में वरिष्ठ विधायक श्री अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल, पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष श्री आर एन वर्मा,शहर अध्यक्ष गया पटेल जी सहित समस्त पार्षदगण एवं कार्यकर्ता एवं विशेष रूप से जैन समाज के अध्यक्ष सोनी समाज के अध्यक्ष ढीमर समाज के अध्यक्ष शामिल हुए । भारत जोड़ो यात्रा श्री दिगंबर जैन मंदिर से होते हुए मारुति मंदिर, दुर्गा मंदिर, श्री आदिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर, हनुमान मंदिर ढीमर पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, कंकालीन मंदिर पहुँचकर शहर राज्य एवं देश की सुख समृद्धि की कामना की। विधायक वोरा ने कहा कि जिस आत्मविश्वास, मजबूत मनोबल व दृढ़ संकल्प के साथ लाखों लोग भारत जोड़ो यात्रा में चल रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि देश एकजुट होकर एक सकारात्मक बदलाव व उज्वल भविष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। पूर्व अध्यक्ष एवं लोकप्रिय जननेता राहुल गांधी जी का संदेश घर घर तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस का हर कदम देश को शक्तिशाली समृद्ध एवं सक्षम बनाने के साथ ही एकजुट रखने की दिशा में बढ़ता है। आने वाला समय कांग्रेस का है जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने अपने वादों को पूरा करके दिखाया है जनता का रुझान पुनः कांग्रेस की ओर है राज्य के विकास मॉडल का देश भर में अनुसरण किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में प्रदेश भर के लोग राहुल जी के साथ शामिल होकर यात्रा के संदेश को मजबूती देने के लिए जुड़ने जा रहे हैं। शहर में भी भारत जोड़ो सह यात्रा को स्नेह प्राप्त हो रहा है।

## श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ में आचार्यश्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने क्रोध को त्याग करने की सलाह दी

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। आज श्री त्रिणेवी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के मंगल अभिषेक पूजन एवं परमपूज्य 108 आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के ससंघ सनिध्य में उनके अमृत वचनों से शांतिधारा करने का सौभाग्य अनिल, सुधीर संदेश कासलीवाल एवं प्रभात जैन ने किया, साथ ही अभिषेक करने वालों में मंच संचालनकर्ता प्रशांत जैन एवं प्रदीप जैन बाकलीवाल, राकेश कासलीवाल, जिनेन्द्र जैन, संजीव जैन, निशांत जैन अशोक निगोतिया, भरत जैन, सुमित जैन आदि ने किया।




जहां आचार्यश्री को शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य नेमीचंद बाकलीवाल, स्टेशन रोड दुर्ग के भक्तों को मिला। आज आचार्यश्री को श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन महासभा सेक्टर 6 के अध्यक्ष ज्ञान चंद बाकलीवाल, मंत्री प्रशांत जैन, प्रवीण छाबड़ा, देवेन्द्र जैन, सुरेन्द्र अजमेरा, जैन मिलन जैन ट्रस्ट के प्रभात जैन, मुकेश जैन, संजय चतुर, अमित जैन, पवन जैन, संतोष जैन भागचंद जैन, कमल जैन एवं डाक्टर प्रमोद विनायके, डॉ. आर. के जैन, डॉ. जिनेन्द्र जैन, संजीव कासलीवाल एवं दुर्ग भिलाई के सभी जैन मंदिरों के भक्तों ने आचार्यश्री को श्रीफल अर्पण कर आर्शीवाद ग्रहण किए।

साथ ही आचार्य श्री के मंगल प्रवचन का धर्म लाभ हजारों भक्तों ने जैन भवन में लिया। इस अवसर पर प्रातः आचार्य श्री विशुद्ध महाराज जी के आर्शीवाद से याग मंडल विधान पूजन के दौरान जैन भवन प्रांगण में मंगल ध्वजारोहण धन्नू गंगवाल, ज्ञानचंद बाकलीवाल ने किया। प्रतिष्ठाआचार्य सरस जी ने मंत्रोचार्य के साथ धार्मिक विधान पूजन कराया।

आज आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी ने महत्ती धर्मसभा को अपने अमृत वचन में क्रोध को त्याग करने की सलाह दी एवं कहा कि क्रोध के कारण ही रावण ने सीता मैय्या एवं दुर्योधिन ने द्रौपदी का चीर हरण करने का प्रयास किया था। हजारों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्री विशुद्ध सागर महाराज ने कहा कि गलती करने से पहले सोचना चाहिए कि गलती क्यो हुई नही करते तो अच्छा होता। नर्क जाने से बच सकता था। हमे मिथ्या छोड़ देना चाहिए। हम समाज को क्या दे रहे है देश की संस्कृति की रक्षा एवं समृद्ध करने के लिए क्या कर रहे है। बुद्धि ज्ञान, द्रव्य को जिन धर्म, जिन चेतना के साथ 9 देवताओं के भक्तों के लिए प्रयास होना चाहिए। जैन धर्म ने लेखा जोखा, बही खाते की जरूरत नही है।

स्वामी जी ने मोबाइल का जिक्र करते हुए कहा कि मोबाईल की शक्ति सीमित है लेकिन मनुष्य का ज्ञान असीमित होता है। हमे मोबाईल कम्प्यूटर पर आश्रित रहने की जरूरत नही। श्री श्री विशुद्ध सागर महाराज ने अपना प्रवचन जारी रखते हुए कहा कि हमने विश्व को गणित दिया, ज्योतिषशास्त्र, खगोल शास्त्र दिए जिसका विश्व सदा आभारी रहेगा।

विश्व में 84 लाख योनिया है जो भटकते रहते है यदि हम अच्छा कर्म करेंगे तो हमे नर्क जाने की जरूरत नही होगी। आचार्यश्री जी ने सभी श्रद्धालुओं को धर्म सभा में आर्शीवाद दिए एवं गजत कल्याण के लिए कर्म करने संस्कारित रह कर जीवन यापन करने एवं विश्व कल्याण से ही सभी का कल्याण हो इस संकल्प के साथ काम करें।

आज आचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज के आहारचर्या महावीर प्रकाश निगोतिया सेक्टर 6 बी मार्केट में हुई आचार्य श्री छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों के जैन मंदिरों के भक्तों ने श्रीफल अर्पण कर पाद प्रच्छालन करते हुए आर्शीवाद ग्रहण की। साढ़े 11 बजे परमपूज्य आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के आर्शीवाद एवं सनिध्य से श्री पाश्वनार्थ दिगंबर जैन मंदिर में बेदी निष्ठापन पूजन, तत्पश्चात वेदीविराजमान एवं यागमंडल विधान पश्चात् श्री 1008 आदिनाथ भगवान एवं श्री 1008 मुनिश्रुवत नाथ भगवान की भव्य पाषाढ़ की सफेद प्रतिमा स्थापित की गई। इस प्रतिमा के प्रदाता सिंघई सुरेशचंद, प्रशांत ममता, सम्प्रति, सम्प्रास जैन रिसाली परिवार एवं अरविंद जैन सेक्टर 4 ने सौभाग्य प्राप्त किया। मंदिर में भक्तों की अहिंसा परमो धर्म की जयकारा के साथ प्रतिमा जी को स्थापित होने पर दर्शन लाभ प्राप्त किए। अनेक भक्तगण का प्रतिमा स्थापित करने में विशिष्ट सहयोग रहा। दोपहर 3.30 बजे आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज जी के मंगल प्रवचन का धर्मलाभ हजारों भक्तों ने लिया ।

## शपथ फाउंडेशन ने वार्डो का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदो के नाम पर रखने दिया सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। आजादी की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में देश के प्रति आस्था,अनुराग एवं कर्तव्यपरायणता की पहल करते हुए शपथ फाउंडेशन भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई के 70 वार्डो का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदो के नाम पर रखने हेतु सुझाव भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के माध्यम से शासन को प्रेसित किया आजादी की 75 वी वर्षगांठ देश मना रहा है।



इस अविश्वस्मर्णीय अवसर की याद में देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च त्याग एवं बलिदान को देश हमेशा याद रखे इसलिए नगर निगम भिलाई के समस्त 70 वार्डो का नामकरण स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद सैनिको के नाम से रखा जाये ,जिससे भावी पीढ़ी को सदैव इन देश भक्तो एवं अमर शहीदों के जीवन से देशभक्ति की प्रेरणा के साथ साथ इनकी जीवनी के बारे में भी जानकारी मिलती रहे ,उदाहरण के तौर पर वार्ड 4 जवाहर लाल नेहरू नगर ,वार्ड 12 कोहका , रानी अवन्ति बाई , वार्ड 15 रामनगर , बाबा साहेब आम्बेडकर ,वार्ड 40 छावनी , शहीद चुम्मन यादव एवं वार्ड 70 हुडको शहीद कौशल यादव के नाम से जाना जाता है इसी तरह समस्त वार्डो का नाम स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर रख हर वार्ड में उनकी प्रतिमा स्थापित कर उनकी जीवनी अंकित किया जाये ,तो यह सही मायने में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद रखने में सहायक सिद्ध होगा! इस अभिनव पहल से शपथ फाउंडेशन को पूर्ण विश्वास है कि मिनी भारत भिलाई सम्पूर्ण भारत वर्ष में एक आदर्श स्थापित करेगा व भिलाई की एक अलग पहचान बनेगी !

आज ,आजादी की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में देश के प्रति आस्था,अनुराग एवं कर्तव्यपरायणता की पहल करते हुए शपथ फाउंडेशन भिलाई के प्रतिनिधि मंडल ने भिलाई के 70 वार्डो का नामकरण स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदो के नाम पर रखने हेतु सुझाव एवं सूची भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के माध्यम से शासन को प्रेसित किया । इस दौरान शपथ फॉउण्डेशंन के प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक एवं पूर्व सी एस पी वीरेंद्र सतपथी ,अध्यक्ष अशोक गुप्ता ,उपाध्यक्ष एवं स्वक्षता ब्रांड एम्बेस्डर अमिताभ भट्टाचार्य ,विकास जायसवाल , डी मोहन राव एवं मनोज कुमार राय उपस्तिथ थे ।

## भागवत कथाः धूमधाम से श्रीकृष्ण - रुक्मणि विवाह सम्पन्न हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आस्था मंडली द्वारा नेहरू नगर कालीबाड़ी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य जुगल किशोर शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया. श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना और इस कथा में छुपे गूढ़ रहस्यों को जाना. श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. महिलाओं ने विवाह के मंगल गीत भी गाए.



प्रसंग में आचार्य जी ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी. रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया. रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदि के राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया. तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए. वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा. तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया. तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया.

21 नवंबर को आचार्य जी सुदामा चरित्र की कथा सुनाएंगे. तत्पश्चात, कथा विश्राम, पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन होगा. पंडित बजरंग द्विवेदी, पंडित परितोष मिश्रा, पंडित परिचय मिश्रा एवं अन्य श्रद्धालु इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950